उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक -44)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 04 दिसंबर, 2023



हाईस्कूल व इंटरमी.एग्जाम फरवरी में | तीन राज्यों में बीजेपी की बंपर जीत पर कानपुर में जश्न | छोड़ा अब ऑफबीट का मोह :तापसी पन्नू

# राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में खिला कमल

## तेलंगाना में कांग्रेस के हाथ को मिली मजबूती



2024 लोकसभा चुनाव से पहले 2023 के आखिर में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव को सत्ता का सेमीफाइनल माना जा रहा था। रविवार को इन पांच राज्यों में से चार राज्यों के चुनावी नतीजे आ गए जो राजनीतिक लिहाज से बेहद ही महत्वपूर्ण है। और खास बात यह रही कि भाजपा ने तीन राज्यों में जबरदस्त सफलता हासिल की। लोकसभा चुनाव के हिसाब से महत्वपूर्ण माने जाने वाले हिंदी पट्टी के राज्य राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश भाजपा के हाथों लग गया है। कांग्रेस को छत्तीसगढ़ और राजस्थान में बड़ा झटका लगा है जहां वह अपने सरकार को बरकरार नहीं रख सकी।

वहीं भाजपा के लिए मध्य प्रदेश से अच्छी खबर आई है जहां उसने अपनी सरकार को बरकार रखा है। कांग्रेस के लिए अच्छी खबर तेलंगाना से आई जहां उसने बीआरएस की सरकार की जड़ों को उखाड़ फेंका और इस नए राज्य में पहली बार सरकार बनाने का मौका हासिल किया। इन नतीजों को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यकर्ताओं में जोश है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि इन चावन के नतीजे का बड़ा प्रभाव 2024 के चुनाव पर जरुर पड़ेगा।

**मध्य प्रदेश**–मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा में खबर लिखे जाने तक भाजपा 129 सीट जीत चुकी है और 35 सीट पर आगे है। वह भारी बहुमत के साथ सत्ता में फिर से वापसी करती दिख रही है। कांग्रेस अब तक 38 सीट जीत चुकी है और 27 सीट पर उसके उम्मीदवारे आगे हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा नेताओं ने जीत का संकेत स्पष्ट होते ही जश्न मनाना शुरू कर दिया। भोपाल स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचे और मिठाइयां बांटीं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा ने कहा कि भाजपा ने अब तक की सर्वाधिक सीटें जीतकर इतिहास बनाया... कांग्रेस केवल झूठ बोलती है। भाजपा की सरकार बनाने के लिए आगे की जो रणनीति होगी वो हमारा केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा। राजस्थान

राजस्थान में भी भाजपा, सत्तारूढ़ कांग्रेस से काफी आगे रहीं। यहां की जनता पिछले तीन दशक से हर चुनाव में सरकार बदलती रही है। अभी तक के नतीजों और रुझानों से स्पष्ट है कि इस बार भी यह रिवाज कायम रहेगा। भाजपा ने यहां 115 सीटों पर अपना परचम लहराया जबकि कांग्रेस को 69 सीट मिली है। राज्य की 199 सीट पर मतदान हुआ था क्योंकि एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण उस सीट पर मतदान स्थगित कर दिया गया था। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता वसुंधरा राजे ने कहा कि राजस्थान की यह जो शानदार जीत है, यह प्रधानमंत्री मोदी जिनका मंत्र था

**छत्तीसगढ़**–छत्तीसगढ़ में शुरुआती रुझानों में सत्तारूढ़ कांग्रेस, भाजपा से आगे थी और बीच में लगा कि दोनों के बीच कांटे का मुकाबला है लेकिन बाद में भाजपा ने अच्छी-खासी बढ़त हासिल कर ली। खबर लिखे जाने तक यहां की 90 में से 34 सीट पर भाजपा जीत चुकी है ।

**तेलंगाना**–राजनीतिक रूप से खुद को मजबूत करने की कोशिशों में कांग्रेस तेलंगाना में हैट्रिक की उम्मीद कर रही के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को बड़ा झटका गला है। राज्य की 119 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस ने 64 सीटों पर जीत हासिल की है। बीआरएस के खाते में 39 सीट गए हैं। भाजपा ने 8 सीटें जीती हैं। क्क्र नेता के.टी. रामा राव ने कहा, फ्बेशक हम निराश हैं लेकिन हम दुखी नहीं हैं। हम एक ऐसी पार्टी हैं जिसने तेलंगाना को बनाने के लिए सभी बाधाओं के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया। हम तेलंगाना के लोगों के प्रति अत्यंत आभारी और आदरणीय हैं। हमें जो भूमिका(विपक्ष) दी गई है, हम उसे जारी रखेंगे.

# चुनावी नतीजों पर बोले राहुल गांधी लड़ाई जारी रहेगी



राहुल गांधी ने इस पर एक एक्स पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं - विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी।

राज्यों के आए चुनावी नतीजों में बीजेपी छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में जबरदस्त तरीके से चुनाव जीत रही है। इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। वहीं, कांग्रेस के हाथ तेलंगाना में सफलता लगी है। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है। इन सबके बीच चुनावी राज्यों के नतीजे को लेकर राहुल गांधी की पहली प्रतिक्रिया भी आ गई है। राहुल गांधी ने इस पर एक एक्स पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं - विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी।

राहुल ने आगे लिखा कि तेलंगाना के लोगों को मेरा बहुत धन्यवाद - प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम ज़रूर पूरा करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि तेलंगाना की जनता ने इतिहास रचते हुए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में जनादेश दिया है। यह प्रजाला तेलंगाना की जीत है। यह प्रदेश की जनता और कांग्रेस पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता की जीत है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की जनता को तह-ए-दिल से धन्यवाद। कांग्रेस पार्टी तेलंगाना में शांति, समृद्धि और प्रगति के लिए संकल्पबद्ध है।

प्रियंका ने आगे लिखा कि राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस पार्टी को विपक्ष की भूमिका सौंपी है। जनता का फैसला सिर माथे पर। राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि जनता ने जो आदेश दिया है हम उसे स्वीकार करते हैं। मैं आशा करता हूं कि हमने जो काम किए हैं भाजपा उन कामों को जारी रखेगी... हम उनको(भाजपा) मुबारकबाद देते हैं। छिंदवाड़ा से उम्मीदवार कमलनाथ ने कहा कि इस मुकाबले में हम मध्य प्रदेश के मतदाताओं का फैसला स्वीकार करते हैं, आज विरोधी दल के नाते हम अपने कर्तव्य पर डटे रहेंगे... मैं भाजपा को जीत की बधाई देता हूं।

अशोक गहलोत ने कहा कि मैं जन सेवक हूं, मैं अंतिम सांस तक मैं प्रदेश वासियों की सेवा करूंगा... चुनाव में राहुल गांधी, खरगे जी सभी ने चुनाव में कोई कमी नहीं रखी... मैं कार्यकर्ताओं से कहना चाहूंगा चुनाव में हार और जीत होते रहती है, कई कारण बन जाते हैं। मनोज झा ने कहा कि दक्षिण भारत से भाजपा खत्म हो गई और भाजपा का नामोनिशान मिट गया, जिसका उदाहरण तेलंगाना है। राजस्थान का परिणाम एकतरफा नहीं है, क्योंकि वहां सरकार बदलने का रिवाज है। छत्तीसगढ़ चुनाव का परिणाम तमाम लोगों की इच्छाओं के अनुरूप नहीं आया। मध्य प्रदेश एकमात्र राज्य है जिसमें पड़ताल की आवश्यकता है।

## कांग्रेस प्रत्याशी की हार पर शाजापुर में हिंसा

मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की हार के बाद हिंसा भड़क उठी। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। शाजापुर में कांग्रेस उम्मीदवार हुकुम सिंह कराड़ा चुनाव हार गए, जिसके बाद उनके समर्थकों ने हिंसा की। उन्होंने गड़बड़ी का आरोप लगाया और पथराव शुरू कर दिया। स्थिति को हिंसक रूप लेते देख पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया और लाठीचार्ज किया।

शाजापुर एएसपी टीएस बघेल ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्वक पूरी हो गई है। कुछ बीजेपी और कांग्रेस समर्थक नारे लगा रहे थे। पुलिस तुरंत वहां पहुंच गई, स्थिति अब शांतिपूर्ण है। शाजापुर झड़प पर मध्य प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी अनुपम राजन का ने कहा कि शाजापुर में मतगणना के दौरान वोटों का अंतर कम था। इसलिए खारिज किए गए डाक मतपत्रों के दोबारा सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि मतगणना शांतिपूर्वक चल रही है, करीब 15 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं और कुछ जगहों पर मतगणना आखिरी चरण में है। कहीं कोई दिक्कत नहीं है...मुझे कोई बड़ी शिकायत नहीं मिली है।

# महादेव का श्राप, कांग्रेस साफ... सट्टेबाजी ऐप घोटाले पर बीजेपी ने कसा भूपेश बघेल पर तंज



भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार अपने कार्यकाल के दौरान अपने वादे पूरे करने में विफल रही।

भारतीय जनता पार्टी ने तीन प्रमुख राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में जोरदार चुनावी प्रदर्शन किया और कांग्रेस को चौंका दिया। छत्तीसगढ़ में बीजेपी कांग्रेस को पछाड़ते हुए जोरदार जीत दर्ज करती दिख रही है। पार्टी 53 सीटों पर आगे चल रही है, जो बहुमत के आंकड़े 90 से कुछ ही दूर है। वहीं, कांग्रेस 35 सीटों पर आगे है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, जो शुरुआत में पिछड़ गए थे, अब पाटन निर्वाचन क्षेत्र में अपने भतीजे और भाजपा उम्मीदवार विजय बघेल के खिलाफ आगे चल रहे हैं। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पार्टी की हार पर बीजेपी ने चुटकी ली है। छत्तीसगढ़ में होने वाले महादेव एप घोटाले ने इस साल काफी ज्यादा सुर्खियां बटौरी थी। बीजेपी ने इस मामले को कसकर चुनावों नें इस्तेमाल किया था। अब एक बार फिर से भाजपा ने कमेंट किया है।

भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार अपने कार्यकाल के दौरान अपने वादे पूरे करने में विफल रही। मतगणना जारी रहने के बीच राज्य में भाजपा की बढ़त पर टिप्पणी करते हुए, ठाकुर ने कहा कि राज्य में हर कोई जानता है कि वे भ्रष्टाचार में लिप्त हो सकते हैं और फिर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने इसे भूपे अभियान के रूप में संदर्भित करते किया।

भूपेश बघेल और महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाले के बीच कथित संबंध पर टिप्पणी करते हुए, अनुराग ठाकुर ने कहा, महादेव का श्राप, कांग्रेस साफ जिसका अर्थ है कि यह भगवान महादेव या भगवान शिव के श्राप के कारण था जिसके कारण सत्तारूढ़ कांग्रेस को छत्तीसगढ़ चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

आपको बता दें कि जैसे ही छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में विधानसभा चुनावों के नतीजे आने लगे, भाजपा इन तीन प्रमुख राज्यों में भारी जीत की ओर बढ़ती दिख रही है। अपने शासन वाले दो राज्यों में निराशा का सामना कर रही कांग्रेस को तेलंगाना में खुशी की कुछ वजह मिल गई, जहां वह के.चंद्रशेखर राव की बीआरएस से आगे चल रही है। अगले साल के लोकसभा चुनावों से पहले सेमीफाइनल के रूप में प्रस्तावित, भाजपा, कांग्रेस और बीआरएस सहित राजनीतिक दल चार राज्यों में 638 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव में लाभ कमाने की कोशिश कर रहे हैं।









## संपादकीय

# स्वदेशी हथियार

ऐसे वक्त में जब भारत की सीमाओं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार सामरिक चुनौतियां मिल रही हैं, रक्षा तैयारियों में किसी तरह की सुस्ती घातक साबित हो सकती है। इसी चुनौती के मद्देनजर सेना की युद्धक क्षमताओं को बढ़ाने हेतु बृहस्पतिवार को रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 2.23 लाख करोड़ रुपये की रक्षा अधिग्रहण परियोजनाओं को प्रारंभिक मंजूरी दी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दी गई है। कुल खरीद के 98 फीसदी उत्पाद घरेलू रक्षा उद्योगों से प्राप्त किए जाएंगे। निस्संदेह, इससे देश के रक्षा उद्योग को बड़ा संबल मिलेगा। वहीं, इससे हम हथियारों पर खर्च होने वाली दुर्लभ विदेशी मुद्रा भी बचा सकते हैं। साथ ही देश में हथियारों के उत्पादन को गति मिलेगी और इस क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। दरअसल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद यानी डीएसी की बैठक में 97 हल्के लड़ाकू विमान तेजस और 156 प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की खरीद को मंजूरी दी गई। निस्संदेह, पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगातार चुनौतीपूर्ण स्थिति बने रहने के चलते देश अपनी तैयारियों में किसी तरह की ढील नहीं दे सकता। डीएसी का यह निर्णय भी सुखद है कि भारत की एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स द्वारा सुखोई लड़ाकू विमान के बेड़े को उन्नत करने के वायुसेना के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। निस्संदेह, सेना की जरूरतों को देश के रक्षा उद्योग के जरिये पूरा करना एक दूरगामी पहल है। इतिहास गवाह है कि कारगिल युद्ध में जरूरी युद्धक सामग्री व भारी हथियारों के लिये जरूरी कल-पुर्जों को हासिल करने में देश को परेशानी का सामना करना पड़ा था। कई देशों ने संकट काल में मुंह फेर लिया था। लेकिन यहां ध्यान रखना जरूरी है कि रक्षा उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हों। ऐसा न हो कि चुनौतीपूर्ण स्थितियों में संकट के अनुरूप गुणवत्ता के हथियार न मिलने पर सेना को असहज व मुश्किल स्थिति का सामना करना पड़े।आज दुनिया में बदलती युद्ध शैली और हथियारों के आधुनिकीकरण के चलते युद्ध बेहद जटिल स्थिति में जा पहुंचे हैं। थल सेना के मुकाबले वायुसेना व नौसेना की भूमिका को विस्तार मिल रहा है। इतना ही नहीं लड़ाकू हवाई जहाजों के मुकाबले युद्ध मिसाइल और ड्रोन केंद्रित हो चले हैं। कुल मिलाकर आज मानवीय शक्ति के बजाय उन्नत तकनीक पर आधारित है।हथियारों को तरजीह दी जा रही है। इसलिए भारतीय रक्षा उद्योग को बदलते वक्त की जरूरतों के साथ कदमताल करते हुए आगे बढ़ना होगा। हमें रक्षा अनुसंधान व कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाली रक्षा तकनीकों पर विशेष ध्यान देना होगा। खासकर ऐसे समय पर जब चीन के साम्राज्यवादी मंसूबे हमें लद्दाख में लगातार परेशान करते रहे हैं। हालांकि, भारत ने चीन से लगती सीमा पर संरचनात्मक विकास को तरजीह दी है, लेकिन सेना का आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

# दक्षिण का रुझान बताएगा तेलंगाना का सियासी मिजाज़

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के आखिरी दौर में अब तेलंगाना पर सबकी निगाह है। दक्षिण के इस राज्य में इस बात को लेकर कौतूहल है कि बीआरएस के नेता कल्वा कुंतला चंद्रशेखर राव यानी केसीआर अपनी हैट्रिक बनाते हैं या कांग्रेस का सत्ता परिवर्तन का नारा बुलंद होता है। तेलंगाना की सियासत कई तरह की ऊहापोह के बीच झूलती रही। कभी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विकल्प के रूप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सामने दिखी तो फिर बदली परिस्थितियों में कांग्रेस पार्टी ने अपनी धमक दिखाई। तेलंगाना की जमीन पर खड़े होकर केसीआर ने राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष का नेतृत्व करने के मंसूबे भी संजोए। तेलंगाना में इसी बात पर अटकलें लगती रही कि भाजपा बीआरएस के साथ गठबंधन करेगी या फिर तेलुगू देशम को साथ जोड़ेगी। नाटकीय फेरबदल में भाजपा ने दोनों से अलग जनसेना पार्टी के साथ गठबंधन किया।



पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के आखिरी दौर में अब तेलंगाना पर सबकी निगाह है। दक्षिण के इस राज्य में इस बात को लेकर कौतूहल है कि बीआरएस के नेता कल्वा कुंतला चंद्रशेखर राव यानी केसीआर अपनी हैट्रिक बनाते हैं या कांग्रेस का सत्ता परिवर्तन का नारा बुलंद होता है। तेलंगाना की सियासत कई तरह की ऊहापोह के बीच झूलती रही। कभी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विकल्प के रूप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सामने दिखी तो फिर बदली परिस्थितियों में कांग्रेस पार्टी ने अपनी धमक दिखाई। तेलंगाना की जमीन पर खड़े होकर केसीआर ने राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष का नेतृत्व करने के मंसूबे भी संजोए। तेलंगाना में इसी बात पर अटकलें लगती रही कि भाजपा बीआरएस के साथ गठबंधन करेगी या फिर तेलुगू देशम को साथ जोड़ेगी। नाटकीय फेरबदल में भाजपा ने दोनों से अलग जनसेना पार्टी के साथ गठबंधन किया।

तेलंगाना के सीएम के. चंद्रशेखर राव ने अपनी पार्टी बीआरएस को राज्य में मजबूत आधार दिया है। केसीआर कभी एनटीआर और फिर चंद्रबाबू नायडू के मंत्रिमंडल में मंत्री रह चुके हैं। लेकिन सधे हुए राजनेता की तरह वह अलग तेलंगाना की आवाज को उठाते रहे। साल 2014 में राज्य गठन के बाद पहले चुनाव हुए तो केसीआर का जादू चला और उनकी पार्टी राज्य में 63 सीटें जीतने में कामयाब रही। पांच साल बाद केसीआर का करिश्मा था कि पार्टी ने 15 सीटों की और बढ़ोतरी की।

इस बार फिर केसीआर हैट्रिक बनाने के लिए राज्य के ओर-छोर नाप रहे हैं। हालांकि इस दौर के बीच केसीआर पर परिवारवाद को बढ़ावा देने और सरकार के भ्रष्टाचार में घिरने के आरोप लगते रहे हैं।राज्य में एंटी इनकमबेंसी को भांपते हुए मुख्यमंत्री केसीआर ने सरकार की योजनाओं-उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए काफी कोशिश की है। सत्तारूढ़ बीआरएस प्रमुख केसीआर ने खुद को चुनाव प्रचार में इस तरह झोंका हुआ है कि जिन दो सीटों पर वह खुद चुनाव लड़ रहे हैं वहां प्रचार के लिए ज्यादा समय नहीं निकाल पाए। केसीआर गजवेल और कामारेड्डी सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि बीसीआर का संगठन कांग्रेस व भाजपा की तुलना में काफी मजबूत है। लेकिन पार्टी एंटी इनकमबेंसी की आशंका को भी समझ रही है। खास बात यह कि गजवेल की सीट पर उन्हें चुनौती देने वाले भाजपा के इटाला राजेंद्र कभी तेलंगाना आंदोलन में उनके साथ थे। बाद में वह मंत्री भी बने। वहीं रेवड़ी बांटने की होड़ तेलंगाना में भी दिखी। बीआरएस ने 400 रुपये में सिलेंडर ,पांच लाख का मुफ्त बीमा, गरीब लड़कियों के विवाह में एक तोला सोना के साथ अपनी योजनाओं का जिक्र कर मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश की है। तेलंगाना में बीआरएस ने रयथु बंधु आसरा पेंशन व रयथु भीम जैसी योजनाएं चलाकर बुजुर्गों, युवकों, महिलाओं, बीड़ी मजदूरों, आदिवासियों को साधने की कोशिश की है। वहीं यहां टीडीपी या आईएमआईएम जैसी पार्टियां सीमित दायरे में हैं। टीडीपी पहले चुनाव में जहां 15 सीटें जीती थी, वहीं 2018 में उसे केवल दो सीटें मिलीं।कहा जा सकता है कि कर्नाटक के चुनाव परिणाम से तेलंगाना की सियासत काफी प्रभावित हुई है। कर्नाटक में जिस तरह सफलता मिली उसके बाद कांग्रेस ने तेलंगाना पर काफी फोकस किया। एक समय भाजपा को बीआरएस के सामने प्रमुख पार्टी माना जा रहा था। लेकिन कांग्रेस ने अपने चुनाव प्रचार अभियान से और दूसरी तरफ भाजपा की राज्य में असमंजस की सियासत के चलते कांग्रेस मुख्यधारा में आ गई। एक समय यह भी माना जा रहा था कि भाजपा राज्य में बीआरएस से समझौता कर सकती है, खासकर तब जब राज्य भाजपा के फायर ब्रांड नेता बंडी संजय को हटाकर केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी को प्रदेश संगठन का नेतृत्व दिया गया।कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में 18 सीटें हासिल की थी। साथ ही उसे 28.43 फीसदी मत प्राप्त हुए थे। लोकसभा चुनाव में उसके हिस्से तीन सीटें आई और उसका मत प्रतिशत डेढ़ तक बढ़ा। बदली परिस्थितियों में कांग्रेस मान रही है कि कर्नाटक की तरह जातीय समीकरण उसके पक्ष में होंगे। जहां मुस्लिमों को वह अपने साथ मान रही है वहीं रेड्डी समुदाय को प्रभावित करना चाह रही है। यह भी कि आदिवासी दलित उसके साथ जुड़े तो नया गुल खिल सकता है। पार्टी के लिए स्टार प्रचारकों ने जमकर प्रचार किया है। हर चुनावी राज्य की तरह कांग्रेस ने यहां भी मतदाताओं को सात गारंटियां दी हैं।भाजपा के रणनीतिकारों ने भी तेलंगाना पर काफी प्रयोग किए। आखिर में पार्टी ने यही निर्णय लिया कि वह राज्य में बीआरएस के विरोधी दल के तौर पर दिखे। अमित शाह ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार में घिरे होने के आरोप लगाए। लेकिन यह भी माना जा रहा कि भाजपा राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजों को यहां बहुत अहमियत नहीं दे रही है। भाजपा का फोकस 2024 के लोकसभा चुनाव पर है। साल 2018 में भाजपा को केवल एक सीट हासिल हुई थी। लेकिन लोकसभा चुनाव में भाजपा ने चार सीटें हासिल की। साथ ही उसका मत प्रतिशत 19.65 हो गया। खासकर ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कारपोरेशन में 48 सीट जीतने के बाद भाजपा की आशाएं बढ़ी। पार्टी ने कांग्रेस और बीआरएस के कुछ नेताओं को अपने से जोड़ने में सफलता पाई। फिर एकाएक भाजपा धीमी हो गई। बहरहाल, भाजपा की कोशिश यहां लोकसभा के पिछले रिकार्ड को बनाए रखने की है। भाजपा ने लोकसभा में जीतने वाले चार सांसदों में तीन को विधानसभा चुनाव लड़ाया है। केसीआर गजवेल और कामारेड्डी सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि बीसीआर का संगठन कांग्रेस व भाजपा की तुलना में काफी मजबूत है। लेकिन पार्टी एंटी इनकमबेंसी की आशंका को भी समझ रही है। खास बात यह कि गजवेल की सीट पर उन्हें चुनौती देने वाले भाजपा के इटाला राजेंद्र कभी तेलंगाना आंदोलन में उनके साथ थे। बाद में वह मंत्री भी बने। वहीं रेवड़ी बांटने की होड़ तेलंगाना में भी दिखी। आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन को पिछले दोनों चुनाव में सात-सात सीटें मिली थीं। इस बार उनकी पार्टी नौ सीटों पर ही लड़ रही है। राज्य में मुस्लिम करीब 12 प्रतिशत हैं। राज्य में मतदाताओं को तीसरी बार जनादेश देना है। दक्षिण के राज्य तेलंगाना के नतीजे कई तरह के संकेत देंगे।

# नया नहीं है रोना, ईवीएम से जो चुनाव है होना..!

राजस्थान और एमपी के विधानसभा चुनाव परिणाम आ भी गए तो विपक्षी पार्टियों के लिए अच्छी या बुरी खबर मिल सकती है परंतु इस बार इवीएम दोनों ही सूरतों मे खराब नहीं कही जाएगी जिसकी इकलौती वज़ह राज्यों की बड़ी क्षेत्रीय पार्टियों का ये विश्वास होगा कि 2024 मे वे भाजपा को हरा देंगे। 3 दिसम्बर के नतीजे इंडि गठबंधन का भविष्य तय करेगा। कौन बनेगा कौन नहीं बनेगा बेशक एमपी मे राजनीति तय करेंगी। वहा सपा और कॉंग्रेस से गठबंधन बनते बनते रह गया! जिसकी तल्खी कॉंग्रेस को रहीं। फिर भी ये चुनाव 2024 मे कुछ संभावना पैदा कर रही हैं ये वजहे मेरी निजी है जो कि गलत हो सकती है पर मेरे हिसाब से ऐसा ही होगा। यूपी में शायद जयंत जी भाजपा मे आ जाएं या फिर समाजवादी पार्टी मे उन्हें ज्यादा सीट मिल जाए! गठबंधन से मुख्य समय पर कोई बड़ी पार्टी या नेता या तो भाजपा मे आएगा या उसे कहीं का राज्यपाल बनाया जाएगा! गठबंधन में जो बड़ी क्षेत्रीय पार्टी नहीं आयी वो, वोट काटने वाली बनेगी जबकि उस पार्टी के बड़े नेता या तो भाजपा मे जाएंगे या ऐसी पार्टी में जहां उनका जाना दूसरी पार्टी को फायदे की जगह नुकसान पहुंचाएगा क्योंकि उस पार्टी में उनके पुराने प्रतिद्वंद्वी होंगे।अगर 2024 मे समाजवादी पार्टी को बड़ा फायदा नहीं मिलता है तो पार्टी से बहुत जल्द स्वामी प्रसाद मौर्य जी हट जाएंगे यहाँ 卐 चन्द्रशेखर आजाद卐 को मैं उनके 3 दिसम्बर को जन्मदिन की बधाई देता हुए कह रहा हूं कि इस बार वे जीत सकते हैं बस वो सीट का चयन सही से करें मेरी नजर में उनके लिए 3 सीट है जहां से वे जीत सकते हैं ब्लकि यदि वे दो जगहों से लड़े तो दोनों जगहों से।पांच राज्यों के चुनाव परिणाम आने में पर परिणामों को लेकर जो घमासान मचा हुआ था उसे देखकर उम्मीदवारों के साथ आमजन भी मानसिक तौर पर परेशान है।इस परेशानी को बढ़ाया है बालाघाट में डाक मतपेटियों के खुलने और 100 ईवीएम बदले जाने की झूठी अफवाह उड़ाकर कंकर



**पंकज कुमार मिश्रा,**
**मिडिया विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

**यूपी में शायद जयंत जी भाजपा मे आ जाएं या फिर समाजवादी पार्टी मे उन्हें ज्यादा सीट मिल जाए! गठबंधन से मुज़्य समय पर कोई बड़ी पार्टी या नेता या तो भाजपा मे आएगा या उसे कहीं का राज्यपाल बनाया जाएगा! गठबंधन में जो बड़ी क्षेत्रीय पार्टी नहीं आयी वो, वोट काटने वाली बनेगी जबकि उस पार्टी के बड़े नेता या तो भाजपा मे जाएंगे या ऐसी पार्टी में जहां उनका जाना दूसरी पार्टी को फायदे की जगह नुकसान पहुंचाएगा**

मुंजारे मजे लूट रहें।इसका एक फर्जी वीडियो भी सबने देखा। राज्य चुनाव आयोग ने बताया कि मतपेटियों को खोला नहीं गया जिन्होंने ये गड़बड़ी की है उन्हें निलंबित कर दिया गया है। कंकर मुंजारे के दूसरे आरोप पर कुछ नहीं बोले। इसी बीच चंबल अंचल से एक वीडियो सामने आया है जिसमें तमाम चुनाव अधिकारी अपने काम में लगे नज़र आ रहे हैं और वोटर जब ईवीएम की ओर जाता है एक शख्स बढ़कर मशीन का बटन दबाकर उसे चलता कर देता है जबकि वह ट्रेनिंग का हिस्सा रहा।ऐसा ही महिलाओं और अन्य वोटर्स के साथ होता दिखा कर हंगामा हो रहा । निष्पक्ष चुनाव को जानबूझकर कांग्रेस और स्थानीय दल साजिश वाला चुनाव घोषित करने पर लगे है। आयोग क्यों मौन धारण किए हुए हैं इन पर कार्यवाही करें। यह आरोप कई सवालों को जन्म देता है। क्या कर्नाटक में सब सही था की सरकार से मिली भगत थी ? ऐसा नहीं था तो कर्नाटक में मतदान स्थगित कर पुन: निर्वाचन क्यों नहीं कराया गया वहां । हज़ारों की संख्या में डाक मतपत्र गायब हैं वे कहां हैं इसकी भी तफ़्तीश नहीं की गई कर्नाटक में। ये तमाम संकेत अच्छे नहीं हैं और लगता है एक्जिट पोल इन्हीं सांठगांठ के मद्देनजर यथार्थ परोस रहे हैं।यूं तो लोगों को ईवीएम पर ही भरोसा नहीं होता पर जब विपक्ष जीतता है तो सब सही हारता है तो इविएम की कारगुजारियां बता देता है।चुनाव आयोग को शकोसुबह के घेरे में लेती हैं। एक मतदाता ने चुनाव परिणाम के बारे में अपना माथा पकड़ते हुए जब यह कहा 'हरि अनंत हरि कथा अनंता' तो पूछने वाले के होश उड़ गए। बेशक जब तक बड़े पैमाने पर विपक्ष के मानसिक खामियों को दुरुस्त नहीं करता तब तक मतदाताओं का वह विश्वास अर्जित नहीं कर सकता। इस बीच यह बात भी सामने आई थी कि ईवीएम से इस बार छेड़छाड़ नहीं हुई है सारा दारोमदार डाक मतपत्रों पर है। जहां दबंगों का दबदबा रहा होगा वहां परिणाम में बदलाव हो सकता है किंतु जनता ने यदि सरकार के बदलाव हेतु भारी मतदान किया है तो ये घटनाएं परिणाम नहीं बदल पायेंगी।ये निर्विवाद रुप से सच है कि आम मतदाता मंहगाई, बेरोजगारी और झूठे वायदों से बिफरा हुआ है। सबसे बड़ी शंका दो लोगों पर रहेगी पहला की नीतीश जी हवा भाँप पा रहे हैं या नहीं? दूसरा 2024 के चुनाव के बाद सपा के शिवपाल 2027 के लिए सपा में क्या भूमिका निभाएंगे! 2024 का जो अभी परिणाम दिख रहा है उस नजरिए से समाज वादी पार्टी में बहुत ज्यादा बदलाव उस चुनाव में दिखेगा ! इन 5 राज्यों के चुनाव के बाद बहुत संभावना है कि भाजपा पुरानी राजनिति शुरू कर दे, नए नियम लागू हो जाए और भी बहुत कुछ योजनायें! योजनाओं के बाद भाजपा की सीट 400 के करीब हो सकती है और उत्तर प्रदेश में अभी से ही लग रहा है कि भाजपा 67 से 73 सीट जीतेगी जबकि समाजवादी पार्टी 6/7 सीट। भाजपा और कांग्रेस के नेताओ की बात सुनीए या सपा नेता की राजनिति इनने अपनी दिमाग की उपज, यह सही बात है की स्वामी प्रसाद मौर्य के बदजुबानी से सबसे ज्यादा नुकसान सपा को ही पहुंचना है।




## बनारस की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म 'कैसी ये डोर' का म्यूजिक और ट्रेलर जारी

मानवीय संवेदनाओं व रिश्तों की जटिलताओं को भी उम्दा ढंग से रेखांकित करती बनारस की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म 'कैसी ये डोर' का म्यूजिक और ट्रेलर जारी कर दिया गया है। निर्माता द्वय कोमल पाटिल और रोहित पाटिल द्वारा ओजस एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित इस फिल्म का निर्देशन रत्ना नीलम पांडेय और संदीप एस. चौधरी ने संयुक्तरूप से किया है। इस फिल्म की शूटिंग उत्तर प्रदेश के बनारस,? लखनऊ, चुन्नार फ़ोर्ट, आगरा और उन्नाव के निकटवर्ती इलाकों में की गई है। 15 दिसम्बर को देश भर के सभी सिनेमाघरों में रिलीज़ होने जा रही फिल्म 'कैसी ये डोर' में देश की आध्यात्मिक राजधानी कहलाए जाने वाले बनारस जैसे शहर की आपाधापी और उसकी गूढ़ता को बड़े ही असरदार ढंग से पेश किया गया है। आज के आधुनिक दौर में जब रिश्तों की महत्ता घटती जा रही है, तब इस फिल्म में रिश्तों की जटिलताओं पर रौशनी डालने की सराहनीय कोशिश की गई है। इस फिल्म में 'इरादा' और 'बंदा' जैसी फिल्मों में काम कर चुके निखिल पांडेय अहम भूमिका में नज़र आएंगे। तीन पंजाबी फिल्म में अभिनय कर चुकी जश्न अग्निहोत्री भी इस फिल्म में एक बेहद महत्वपूर्ण किरदार निभाती नज़र आएंगी। संगीतकार पुनीत अवस्थी के कर्ण प्रिय संगीत से सजी इस फिल्म में रत्ना नीलम पांडे, बृजेंद्र काला, सुनीता राजवर, अश्वत भट्ट, सत्यकाम आनंद और तुलिका बैनर्जी ने भी अपनी भूमिकाओं को असरदार ढंग से निभाया है।

**प्रस्तुतिः काली दास पाण्डेय**

# चीन की रहस्यमय बीमारी : केंद्र ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर ख़ास निर्देश दिए



गोंदिया ।वैश्विक स्तरपर कोरोना महामारी के भयंकर प्रसार के बीच भारतीय केंद्रीय वित्त बजट में हॉकर्स के लिए बिना किसी जमानत या गारंटी के लोन की घोषणा की गई थी उसके बाद बजट 2023 में भी हाकर्स के लिए प्लान थे जिसके फायदे अनेकों हॉकर्स ने लिए और लेना चालू भी है परंतु जिस तरह मीडिया में 28 नवंबर 2023 को रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑफर्स लगाने की बात मीडिया से छान छान कर आ रही है, उससे ऐसा लग रहा है कि अब रेलवे विभाग ट्रेन में हॉकर्स को खाद्य सामग्री बेचने के लिए लाइसेंस देने की तैयारी कर रही है। बता दे,पहले फेरीवाले रेलवे स्टेशनों पर और ट्रेन में सवार होकर स्थानीय उत्पाद बेचते थे, जिनमें ज्यादातर खाने-पीने का सामान होता था। हालांकि, वे रजिस्टर्ड नहीं थे और सुरक्षा और स्वच्छता दोनों चिंताएं जुड़ी हुई थीं. रेलवे ने उन्हें हटाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान भी चलाया जिससे उनका ट्रेन में चढ़ना और यहां तक कि स्टेशन पर भी घूमना मुश्किल हो गया था। परंतु अभी रेलवे का मुंबई जोन में लोकल ट्रेनों में खान-पान का सामान बेचने का लाइसेंस देने की तैयारी कर रही है, जो अभी फिलहाल दो हज़ार को दिया जाएगा जिसमें पड़ हज़ार होकर लोकल ट्रेनों में जबकि पांच सौ होकर लंबी दूरी की ट्रेनों में 3 साल की अवधि तक बेचने की अनुमति होगी। अब सवाल उठता है कि ट्रेनों में इतनी भारी भीड़ के बावजूद फेरीवालों को लाइसेंस देना चुनौती पूर्ण कार्य है। हालांकि रेलवे को इससे बड़ा लाभ होगा, एक और स्त्रोत खुलेगा परंतु यात्रियों और यात्रियों की परेशानियों को ध्यान में रखना जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे ट्रेन में हॉकर को लाइसेंस देने के पहले यात्रियों की सुरक्षा स्वास्थ्य परेशानी और सुविधाओं को रेखांकित करना जरूरी है।साथियों बात अगर हम मुंबई में लंबी दूरी की ट्रेनों, लोकल ट्रेनों में फेरीवालों को लाइसेंस देने पर विचार करने की करें तो, मुंबई में अब भीड़ भरी लोकल ट्रेनों में हक से सामान बेचेंगे हॉकर्स, रेलवे बना रही ये योजना, हॉकर्स को इन ट्रेनों में सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक ही सामान बेचने की अनुमति होगी, जबकि लोकल ट्रेनों में खान-पान का सामान भी मिलेगा और समय की कोई सीमा नहीं होगी।स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण करने के लिए स्टॉल्स और रेलवे के दफ्तरों को शिफ्ट करने वाली मध्य रेलवे जल्द ही भीड़ भरी लोकल ट्रेनों में सामान बेचने के लिए हॉकर्स को लाइसेंस देने की तैयारी कर रही है। जल्द ही मुंबई की लोकल ट्रेनों में चाय, समोसे और कटी हुईं सब्जियां बेचते हुए लाइसेंसधारी हॉकर्स नजर आएंगे। इसके लिए 28 नवंबर के दिन रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर बोलियां लगाई जाएंगी। एक अधिकारी ने बताया कि गैर यात्री किराया के तहत राजस्व प्राप्त करने के लिए यह योजना लाई जा रही है। इन्हें मुंबई डिविजन में ही सामान बेचने की अनुमति दी जाएगी। उपगनरीय और गैर उपनगरीय ट्रेनों के लिए अलग से बोलियां लगाई जाएंगी। हॉकर्स को 3 साल तक सामान बेचने की मंजूरी मिलेगी। गैर उपनगरीय ट्रेनों में खान-पान का सामान बेचने की अनुमति नहीं होगी।, कहीं स्टेशन न बन जाएं हॉकर्स जोन,रेलवे की ओर से हॉकर्स की संख्या निर्धारित की गई है। इस तरह की संख्या बीएमसी द्वारा भी तय की गई है लेकिन मुंबई में लाइसेंसधारी हॉकर्स से करीब 20 गुना ज्यादा हॉकर्स हैं, इन पर अब बीएमसी का भी नियंत्रण नहीं है। पिछले कुछ सालों से मुंबई में हॉकर्स जोन बनानी की मांग हो रही है ऐसे में रेलवे स्टेशनों पर हॉकर्स को लाइसेंस देने के बाद ट्रेनों में और स्टेशनों पर हॉकर ज़ोन बनने की आशंका जताई जा रही है। बता दें लोकल ट्रेन को मुंबई की धड़कन कहा जाता है। सुबह और शाम के समय लोकल में सफर करना किसी चुनौती से कम नहीं होती है। डिब्बे में सांस लेने तक की जगह न होने के बावजूद कई बार कुछ लोग आपको सामान बेचते मिल जाएंगे। हालांकि इन हैंकरों को सामान बेचने की इजाजत नहीं होती लेकिन अब रेलवे लोकल में हॉकर्स को लाइसेंस देने की योजना बना रही है। इस बीच मुंबई लोकल में खाना बेचने और परोसने का विडियों यानी चलता फिरता रेस्टोरेट का विडियों भी आ गया जो सबको हैरान कर रहा है।

साथियों बात अगर हम लोकल ट्रेनों, स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रित करने की करें तो, लोकल स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रित करने के मकसद से रेलवें ने कई स्टेशनों से स्टॉल्स और रेलवे के दफ्तरों को हटा दिया दिया है। भीड़ कम करने के मकसद यह कदम उठाने वाली मध्य रेलवे अब जल्द ही भीड़ भरी लोकल ट्रेनों में सामान बेचने के लिए हॉकर्स को लाइसेंस देने की तैयारी कर रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर 28 नवंबर को इसके लिए बोलियां लगाई जाएंगी। इसके तहत रेलवे राजस्व बढ़ाना चाह रही है।साथियों बात अगर हम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मुंबई की लोकल ट्रेनों में एक चलता फिरता रेस्टोरेंट की चर्चा करें तो, लाइसेंस दिए जाने के पहले ही मुंबई की लोकल में एक चलता फिरता रेस्टोरेंट इस समय सोशल मीडिया में खूब चर्चा में है। मुंबई की लोकल में दो लड़कों ने मुंबई लोकल में चलता फिरता रेस्टोरेट ही खोल दिया।सोशल मीडिया में इन लड़कों द्वारा शेयर किये गए वीडियो में दोनों ने एक लोकल ट्रेन के डिब्बे में एक छोटी सी फोल्डिंग टेबल लगाई और उसे कपड़े से ढक दिया।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सज़्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नज़्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नज़्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिज़्मेदार होंगे।

- सज़्पादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ज़्लाक स्तर पर ज़्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

सज़्पर्क करें -:

मो.: 8423454502, 9335908846

email:bps.knp786@gmail.com

# आईएमए कानपुर क्रिकेट प्रीमियम लीग में 6 टीम लेगी भाग

बीपीएस न्यूज

कानपुर। इतिहास में पहली बार दिन/रात टेनिस बाल से होने वाली आईएमए कानपुर क्रिकेट प्रीमियम लीग के विषय पर एक पत्रकार वार्ता आईएमए हाल परेड में आयोजित की गई 7 पत्रकार वार्ता को आईएमए कानपुर की अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी, सचिव डॉ कुनाल सहाय, उपाध्यक्ष डॉ अनुराग मेहरोत्रा, क्रीडा सचिव डॉ पीयूष मिश्रा एवं डॉ संजय गुप्ता संयुक्त क्रीडा सचिव एवं ऑर्गनाइजिंग चेयरमेन ने संबोधित किया। आईएमए कानपुर की अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी ने आए हुए सभी पत्रकार बंधुओ का स्वागत किया और बताया कि आईएमए कानपुर द्वारा पहली बार आईएमए कानपुर क्रिकेट प्रीमियम लीग 2023 का आयोजन किया गया है। यह मैच दिन रात्रि के होगे। इस प्रीमियर लीग का उद्घाटन 2 दिसंबर को सांय 6ः30 बजे हमारे मुख्य अतिथि विशाख जी अय्यर, जिलाधिकारी, कानपुर नगर द्वारा किया जायेगा तथा प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन 3 दिसम्बर को हमारे मुख्य अतिथि योगेश अग्रवाल सीएमडी रिमझिम इस्पात के कर कमलों द्वारा किया जायेगा ।आईएमए कानपुर के सचिव डॉ कुनाल सहाय ने बताया कि यह टूर्नामेंट आईएमए के सदस्यों और परिवार जनों के हेतु आयोजित किया गया है।

# पोस्टर के जरिए छात्राओं ने एड्स के विषय में अपने विचार किये व्यक्त



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के गृह विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा 1 दिसंबर को वर्ल्ड एड्स डे के रूप में काफी बृहद स्तर पर मनाया गया। एड्स समाज में एक भयानक समस्या का स्थान ले चुकी है। एडस एक ऐसी बीमारी है जिसका पहला एवं महत्वपूर्ण निदान है जानकारी। इन्हीं जानकारी को लेकर आज के दिन विभिन्न संस्थाओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले छात्राओं द्वारा सभी शिक्षकों को रेड रिबन लगाया गया। तत्पश्चात एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया ।डाक्टर रश्मि सिंह द्वारा सभी छात्राओं को इस बीमारी के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया। डॉ अर्चना सिंह कार्यक्रम समन्वयक द्वारा भारत में इस रोग से प्रभावित रोगियों की संख्या एवं स्थिति से अवगत कराया गया। इसी अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी इकाई 3 डाक्टर रश्मि सिंह ने बताया कि एड्स बीमारी के प्रति जागरूकता उसकी पहचान अवश्य होनी चाहिए तभी उसको सही करना संभव है। इस कार्यक्रम के दौरान गृह विज्ञान की एनएसएस की छात्रायें एवं शिक्षिकाएँ डाक्टर रीमा, डाक्टर सुमायल गृहविज्ञान संकाय की पूजा निगम, सर्वेश पाण्डेय, बबीता, आदि ने कार्यक्रम में सहभागिता करी। पोस्टर बना कर छात्राओं ने ऐड्स की बारे में अपने विचार व्यक्त किये ।कार्यक्रम का समापन डाक्टर रश्मि सिंह ने ज्ञापित किया गया।



# शाह हुसैन ने शपथ पत्र देकर लगे आरोपों को निराधार बताया



बीपीएस न्यूज

कानपुर। विगत दिनों कानपुर निवासी शाह हुसैन को संगठन विरोधी गतिविधियों में लिपटा तथा आरएसएस का नाम बार–बार प्रयोग करने का समाचार प्रकाशित हुआ था, जिसको राष्ट्रीय सैनिक कल्लू अंसारी ने शाह हुसैन को संगठन विरोधी गतिविधियों में शामिल किया था, उत्तर प्रदेश से उक्त के संबंध में जानकारी दी और कहा कि आपके ऊपर लगे अरोपों के संबंध में आपको क्या कहना है इस कार्यक्रम में शाह हुसैन ने शपथ पत्र देकर अपने ऊपर लगे अरोपों को निराधार तथा विरोधियों की साजिश बताई जिसकी जांच करने को कहा राष्ट्रीय संयोजक सूफी संत मलंग मुस्लिम राष्ट्र मंच जनाब कल्लू अंसारी के जरिए जांच करने के उपरान्त सभी अरोप गलत झूठे साबित हुए राष्ट्रीय सैनिक सूफी संत मलंग मुस्लिम राष्ट्र मंच कालू अंसारी ने शाह हुसैन को पुन:सूफी संत मलंग मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उत्तर प्रदेश का संयुक्त निदेशक कर जिम्मेदरी बहाल की वो अपने पद पर रहते हुए प्रांत संयोजक, क्षेत्रीय संयोजक, जिला संयोजक, शहर संयोजक तथा वार्ड संयोजक. नियुक्ति कर संगठन को मज़बूती प्रदान करेंग।

# कानपुर डीसीपी ट्रैफिक रही रवीना त्यागी के कार्यकाल को बताया शानदार



बीपीएस न्यूज

कानपुर। वूमेन पावर लाइन 1090 लखनऊ में कार्यरत पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी जो दो माह पूर्व कानपुर में डीसीपी यातायात का कार्यभार देख रही थीं। जिनका विगत 23 सितंबर को महिला और बाल सुरक्षा संगठन 1090 लखनऊ में तबादला हो गया था। रवीना त्यागी ने कानपुर में डीसीपी यातायात रहते हुए कानपुर की ध्वस्त ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर और सुगम बनाने का बहुत ही सराहनीय कार्य किया था। जिससे कानपुरवासियों को बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था से बहुत ही राहत मिली थीं। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी का आभार जताने के साथ उन्हें बधाई व धनवाद प्रेषित करने के लिए आर्डिनेन्स इक्विपमेंट फैक्ट्री फूलबाग कानपुर की किला मजदूर यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को यूनियन के संयुक्त मंत्री समीर बाजपेई के नेतृत्व में लखनऊ के 1090 स्थित उनके कार्यालय में उनसे मिला। प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान उन्हें बुके और मां दुर्गा की अलौकिक प्रतिमा भेंट कर उनका सम्मान व अभिवादन किया। इस दौरान यूनियन के संयुक्त मंत्री समीर बाजपेई ने कहा कि पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी का अचानक से तबादला होने से कानपुर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था के पटरी पर आने के प्रयासों को काफी झटका लगा है। कानपुर में बतौर डीसीपी ट्रैफिक रवीना मैम का सात माह का कार्यकाल बहुत ही शानदार और अभूतपूर्व रहा। उन्होंने तमाम नए प्रयोगों के माध्यम से कानपुर को जाम से मुक्ति दिलाने में बड़ी भूमिका अदा की। यूटर्न और स्लिप रोड व्यवस्था जैसे अभिनव प्रयोगों से उन्होंने बदहाल यातायात व्यवस्था की सूरत बदल दी थी। इतनी उत्कृष्ट और सुगम यातायात व्यवस्था कानपुर के इतिहास में पहले कभी देखने को नहीं मिली।

# विश्व एड्स दिवस पर नाटक का मंचन हुआ आयोजन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग जीएसवीएम मेडिकल कालेज में एमबीबीएस पैरा–2 के छात्रों द्वरा पोस्टर प्रतियोगिता एवं नाटक का मंचन किया गया। नाटक मंचन के द्वारा छात्रों ने एड्स से बचने के उपायो की उपयोगिता हेतु जागरूक किया एवं एड्स को लेकर समाज में जो भ्रांतियों है उनसे बचने के सुझाव दिये गये। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रो को विभागाध्यक्ष द्वारा पुरस्कृत किया गया ।कार्यकम कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्षय प्रोफेसर डॉ. एसके वर्मन, समस्त संकाय सदस्यो, रेजिडेन्ट डाक्टरों एवं छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# नैक की उपलब्धि पर सम्बद्ध कॉलेजों ने मनाया उत्सव, कुलपति का किया अभिनंदन

## कूटा और कूपा के संयुक्त तत्वाधान में विवि के सीनेट हॉल में आयोजित हुआ कार्यक्रम




बीपीएस न्यूज

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय को नैक में ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने पर कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक का अभिनंदन और स्वागत सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा किया गया। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में कानपुर यूनिवर्सिटी टीचर्स असोसिएशन एवं (कूटा) कानपुर यूनिवर्सिटी प्रिंसिपल असोसिएशन (कूपा) ने कुलपति अभिनंदन और स्वागत किया। नैक में विवि को ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने से बेहद खुश नजर आ रहे कूटा के पदाधिकारियों ने कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक का मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर कूटा के पदाधिकारियों ने कुलपति की तारीफ करते हुए उन्हे नेतृत्वकर्ता ओर कुशल रणनीतिकार बताया। वक्ताओं ने कहा कि पठन पाठन से लेकर शिक्षकों के मान सम्मान, विवि की छवि को बेहतर बनाने के साथ अकादमिक माहौल को सर्वोच्च स्तर तक पहुंचाना, व्यक्तिगत रूचि लेकर चीजों को पूरा करना, समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहना, छात्रों, अध्यापकों के साथ लगातार संपर्क, विवि को डिजिटली सशक्त बनाना, हर हाल में छात्र हित को सर्वोपरि रखना, जिन्हे करना आसान नहीं होता। फिर भी अथक परिश्रम करने वाले कुलपति ने कर दिखाया जो तकरीबन असंभव था।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने नैक में ए प्लस प्लस ग्रेड आने पर सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए उनका आभार जताया। उन्होने बेहद नम्रता के साथ कहा कि कहने को सफलता का सेहरा भले संस्थान के मुखिया के सिर पर बांधा जाता है लेकिन सच यह है कि इस सफलता में छोटे बड़े सभी का योगदान होता है। इसलिए यह सफलता विवि परिवार के उन सभी लोगों की सफलता है जो इस संस्थान से किसी भी रूप में जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक, कुलसचिव डॉ अनिल यादव, डॉ विवेक द्विवेदी, डॉ बीडी पांडेय, डॉ अवधेश सिंह, डॉ संदीप सिंह, समेत सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रिंसिपल, टीचर्स एवं विवि के शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रासायनिक उर्वरकों का छिड़काव एवं छात्रों हेतु हुआ प्रशिक्षण

कानपुर। सीएसए द्वारा संचालित छेरत स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा कृषकों के प्रक्षेत्र पर ड्रोन द्वारा रासायनिक उर्वरकों का प्रदर्शन एवं छिड़काव किया गया। कृषि विज्ञान केंद छेरत में ड्रोन के माध्यम से नैनों यूरिया,डीएपी तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव पर प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन का आयोजन इफको के सहयोग से कराया गया। जिसके अंतर्गत लगभग 100 प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के विज्ञान वर्ग के इंटरमीडिएट के 75 छात्र एवं छात्राएं तथा 25 कृषक उपस्थिति थे। जिन्होंने बहुत ही उत्सुकता से ड्रोन के माध्यम से उर्वरक के छिड़काव पर प्रशिक्षण लिया इस कार्यक्रम में केंद्र के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव एवं वैज्ञानिक डॉ अशरफ़ अली ख़ान, डा सुधीर रावत व डा.धर्मेंद्र यादव उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने भाजपा को जुमले बाज सरकार बताते हुए दिया ज्ञापन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। भा0ज0पा0 द्वारा राजस्थान व छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में रसोई गैस सिलेंडर की कीमत क्रमश: 450 व ?500 के देने के जुमले को भाजपा सरकार की दोहरी नीति बताते हुए उत्तर प्रदेश में भी 450 व ?500 का गैस सिलेंडर देने की मांग को लेकर आज शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी के नेतृत्व में व उत्तर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संजीव दरियाबादी की विशेस उपस्थित में कांग्रेस जनों ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अपर जिला अधिकारी आपूर्ति अजीत कुमार सिंह ने प्राप्त कियाराज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में संपन्न हुए राजस्थान व छत्तीसगढ़ में विधानसभा के चुनाव में अपने जुमले का पिटारा खोलते हुए भाजपा के अलंबरदारों ने न केवल बढ़ चढ़कर झूठे वादे की झड़ी ही नहीं लगाई बल्कि गैस सिलेंडरों के दाम 450 व 500 में देने का वादा भी किया जबकि भाजपा शासित प्रदेशों में गैस सिलेंडर महंगे दामों पर दिए जा रहे हैं जो भाजपा सरकार की छलप्रपच पूर्ण दोहरी नीति का परिचायक है ।ज्ञापन में यह भी मांग की गई की जिस प्रकार अन्य राज्यों में भाजपा व उनके जिम्मेदार नेताओं द्वारा 450 व 500 गैस सिलेंडर देने का वादा किया जा रहा है इस प्रकार उत्तर प्रदेश में भी 450 व 500 रुपए प्रति सिलेंडर देने का उपक्रम करने के लिए माननीय राज्यपाल से जनहित में प्रदेश की तथाकथित डबल इंजन की योगी सरकार को अपने संवैधानिक दायित्व के स्तर से जनहित में 450 व 500 प्रति सिलेंडर देने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें ।

ज्ञापन देनें वालों में प्रमुख रूप से शंकर दत्त मिश्र,मदन मोहन शुक्ला, पवन गुप्ता, दिलीप शुक्ला, जावेद जमील उस्मानी, लल्लन अवस्थी, डा . आर के जगत, वी के सिंह,रमाकांत मिश्र, पदम मोहन मिश्र,हिमांशू मिश्र, धवल पाण्डेय, सैमुअल लकी सिंह, राजीव द्विवेदी, साजिद सर,नरेंद्र चंचल ,मुकेश वाल्मीकि, रकी सोनकर आशुतोष शुक्ला, सरदार जोगिंदर सिंह, सलमान खान, विमल पाल ,संजय शाह ,रवि वाजपेई ,राजेंद्र वाल्मीकि ,प्रतीक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पाली हाउस का पूर्व प्रोफेसर एवं कुलपति ने किया भ्रमण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के कल्याणपुर स्थित साग भाजी अनुभाग में स्थित पाली हाउस में संचालित इकाई जैसे टमाटर की फसल, खीरा, शिमला मिर्च आदि के उत्पादन का कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह एवं डॉ. टी बी एस राजपूत पूर्व प्रो. आईएआरआई नई दिल्ली द्वारा शुक्रवार को भ्रमण किया गया। साथ ही केंद्र पर स्थित सोलर यूनिट, फर्टिगेशन यूनिट, नर्सरी एवं हाइड्रोपोनिक सहित अन्य इकाइयों का भी अवलोकन किया गया। साथ ही प्रक्षेत्र पर लगे ऑल इंडिया नेटवर्क रिसर्च परियोजना प्याज एवं लहसुन, मसाला योजना आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यालय का भी अवलोकन किया ।इस दौरान डॉ. राजपूत ने कहा की इस तरह की तकनीक से निश्चित तौर पर किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी ।जिससे कि बेमौसम सब्जियां उगाकर अधिक मुनाफा प्राप्त कर सकते हैं ।साथ ही विभिन्न शोधों का अवलोकन करने के उपरांत उन्होंने विभाग की प्रशंसा की। इस अवसर पर विभाग के अध्यक्ष डॉ राम बटुक सिंह, डॉक्टर डीपी सिंह, डॉक्टर राजीव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# महापौर ने क्षतिग्रस्त ढक्कनों को दुरुस्त न किये जाने पर जतायी नाराजगी

## 15वे वित्त आयोग एवं अन्य निधियों से प्राप्त धन से चल रहे कार्यों को समय-सीमा पर पूर्ण कराने दिए निर्देश



बीपीएस न्यूज

कानपुर। जलकल मुख्यालय, बेनाझाबर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में महापौर प्रमिला पाण्डेय द्वारा जलकल की बैठक आहूत की गयी।

बैठक में महापौर द्वारा जलकल विभाग को 15 वें वित्त आयोग एवं अन्य निधियों से प्राप्त धन से चल रहे कार्यो को समयसीमा के अन्तर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दिये। नगर निगम सीमान्तर्गत सीवर लाइन चेम्बरों के क्षतिग्रस्त ढक्कनों को दुरूस्त न किये जाने पर नाराजगी जतायी गयी एवं निर्देश दिये जलकल के पास अपनी बहुत सी रिक्त भूमि है, उक्त भूमि पर सीवर चेम्बरों के ढक्कनों को ढलवाये जाये, जिससे ढक्कन सस्ते पड़ेंगे एवं टिकाऊ बनेंगे। महापौर ने निर्देश दिये कि 02 माह के अन्दर नगर निगम सीमान्तर्गत सभी सीवर चेम्बरों के ढक्कन दुरूस्त कर दिया जाये। मा0 महापौर द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में लक्ष्य के सापेक्ष वसूली किये जाने के सम्बन्ध में आनन्द कुमार त्रिपाठी, महाप्रबन्धक जलकल द्वारा अवगत कराया गया कि अब 51 प्रतिशत वसूली हुई है। महापौर ने वसूली शत–प्रतिशत कराये जाने के निर्देश दिये। साथ ही श्रम विभाग की कॉलोनियों से भी जलकल का पानी, सीवर कर वसूली का नोटिस जारी करने के निर्देश दिये ताकि आय में वृद्धि हो सके। महापौर सी0टी0आई0 चौराहे पर समानान्तर उपरिगामी सेतु के निर्माण में सीवर, जलापूर्ति लाईन स्थानान्तरण के सम्बन्ध में पूछे जाने पर आनन्द कुमार त्रिपाठी, महाप्रबन्धक जलकल द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त स्थान पर 160 मीटर जलापूर्ति लाईन, 180 मीटर सीवर लाईन है जिसे सेतु निगम से प्राप्त रू0 38 लाख से डेढ़ माह में कार्य पूर्ण हो गया है। महापौर द्वारा मेट्रो फेज–2 सी0एस0ए0 से बर्रा–8 सीवर, जलापूर्ति लाईन स्थानान्तरण के सम्बन्ध में आनन्द कुमार त्रिपाठी, महाप्रबन्धक जलकल द्वारा अवगत कराया कि इस प्रकरण पर मेट्रो के साथ बैठक कर तय किया जाना है महापौर द्वारा जनरलगंज क्षेत्र में सीवर चोक की समस्या के सम्बन्ध में आनन्द कुमार त्रिपाठी, महाप्रबन्धक जलकल को निर्देश दिये कि मेरे साथ सुपर शॉकर एवं जेटिंग मशीन के साथ 03 दिसम्बर दिन रविवार को प्रात: 07 बजे पहुँचे ताकि क्षेत्र की सीवर सम्बन्धित समस्या का निराकरण हो सके। बैठक में फरहत हुसैन, अधिशाषी अभियन्ता, जोन–1, जगत पाल, अधिशाषी अभियन्ता,जोन–2, राजेन्द्र कुमार, अधिशाषी अभियन्ता, जोन–3, रामेन्द्र पाण्डेय, अधिशाषी अभियन्ता, जोन–4, पी0के0 सिंह, जोनल अभियन्ता, जोन–5, मो0 शमीम, जोनल अभियन्ता, जोन–6 एवं जल कल विभाग के अवर अभियंता भी उपस्थित रहे।

# सिविल एरोड्रम पर पूर्व राष्ट्रपति का किया स्वागत





कानपुर दिनांक 02.12.2023 को सिविल एरोड्रम पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति माननीय श्री रामनाथ कोविंद जी के आगमन पर पुलिस आयुक्त डॉ.आर.के.स्वर्णकार, मंडलायुक्त अमित गुप्ता, डीएम विशाख जी द्वारा स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया एवं सर्किट हउस में मीटिंग की गयी। इस मौके पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण श्री असीम अरूण भी मौजूद रहे।

## रेल टिकट की दलाली में आरपीएफ ने युवक को किया गया गिरफ्तार

**समाज का साथी**

कानपुर। वरि.म.सु. आ. / रेसुब प्रयागराज के दिशा – निर्देशन में तथा IPF/CNB & IPF/CIB के कुशल पर्यवेक्षण में अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मुख्यालय से प्राप्त आईडी के सत्यापन व निगरानी के क्रम में दिनांक 30.11.2023 को ASI मोहम्मद अहमद CNB पोस्ट हमराह स्टाफ एवं क्राइम विंग (D&I) कानपुर के स्ढ्ढ अजय पाल सिंह, हमराह स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से डिक्राय चेक कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वह पर्सनल यूजर आईडी से रेलवे के ई–टिकटों का व्यापार करते हुए अजय टूर एण्ड ट्रैवल्स टेलीकॉम, शॉप नं0 –9 HAL मार्केट रामादेवी थाना चकेरी, जिला कानपुर नगर नामक दुकान के संचालक को समय 15.30 बजे गिरफ्तार किया गया, जिसके विरुद्ध रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कानपुर सेन्ट्रल पर Cr.No.1739/2023 अंतर्गत धारा 143 रेलवे एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी का विवरण के अनुसार अजय सिंह पुत्र शिव पूजन सिंह, उम्र 44 वर्ष, निवासी 28/5, HAL कालोनी, रामादेवी, थाना चकेरी, जिला कानपुर नगर (उ0प्र0)



## यू पी 83 BH 0946 कार ने मारी बाइक को टक्कर, सड़क पर गिर कर बाइक सवार बेहोश



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर नगर। श्याम नगर पी ए सी मोड़ बाईपास से यशोदा नगर के8 बीच प्रताप होटल के पास यू पी 83 BH 0946 कार ने मारी बाइक को टक्कर, सड़क पर गिर कर बाइक सवार बेहोश।भाह रही कार का एक युवक ने किया पीछा, यशोदा नगर चौराहे पर मौजुद ट्रैफिक इस्पेक्टर को बताया।टक्कर मारने वाली गाड़ी थी पुलिस की, ऐसेमें ट्रैफिक इंस्पेक्टर और वहां मौजूद पुलिस वालों में नही की कुछ कार्यवाही।ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर ने पुलिस की गाड़ियों को जाने दिया।गाड़ी में सवार पुलिस वाले ने की अभद्रता, काबुल बाइक सवार के कार ने नही पुलिस वाहन ने मारी थी टक्कर। पुलिस ट्रक में रखी थी लाश,, पुलिस ने कहा हमारे साथ 7 गाड़िया है। गाड़ी रोकने वाले युवक को गाली देकर आगे बढ़ा ली सभी गाड़िया,, मौके पर मौजूद ट्राफिक इंस्पेक्टर अपर सिपाहियों ने गाड़ियों को जाने दिया।।

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अधिवक्ता पेंशन योजना लागू कराने का दिया आश्वासन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। लायर्स एसोसियेशन अध्यक्ष पं रवीन्द्र शर्मा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से लखनऊ में मिले सर्वप्रथम पूर्व में अधिवक्ता हितार्थ किए गए कार्यों के लिए उनका अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया फिर उन्हें अधिवक्ता पेंशन योजना को लागू किए जाने हेतु मुख्यमंत्री को संबोधित प्रतिवेदन देते हुए बताया की वरिष्ठ अधिवक्ताओ की कोई सामाजिक सुरक्षा न होने से 80ट्ठ85 वर्ष तक के वायोवृद्ध और अशक्त अधिवक्ता अपने जीविकोपार्जन हेतु कार्य करने को विवश है बुजुर्ग अधिवक्ताओं की सामाजिक सुरक्षा के लिए अधिवक्ता पेंशन योजना जिसके अंतर्गत वरिष्ठि अधिवक्ताओं को रिटायरमेंट की शर्त पर आजीवन रु 15000 प्रतिमाह पेंशन देय हो लागू की जाए और योजना के सुलभ क्रियान्वयन हेतु बजट में निश्चित धनराशि का बजटीय प्रावधान किया जाए। प्रतिवेदन प्राप्त कर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मैं स्वयं वकील हूं वकीलों की समस्याओं और उनके दुख दर्द को भली भांति जानता हूं पूर्व में भी अधिवक्ता हितार्थ कई कार्य किए है और अपने बुजुर्ग अधिवक्ताओं के लिए अधिवक्ता पेंशन योजना भी लागू कराएंगे।

वार्ता करने वालों में संजीव कपूर शिवम गंगवार शुभम जोशी रहे।उपमुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करने वालों में सुनील भल्ला अरविंद दीक्षित रिजवान अखिलेश कुमार अंकुर गोयल मोहित शुक्ला राघव तिवारीअंकुर शुक्ला उत्कर्ष तिवारी इंद्रेश मिश्रा, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## खाई में गिरी डीसीएम, जरा सी लापरवाही एक चालक के लिए मौत का फरमान बन गयी



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर नगर। जरा सी लापरवाही एक चालक के लिए मौत का फरमान बन गयी। हुआ कुछ यूं की डीसीएच चालक की ड्राईविंग के दौरान झपकी लग गयी और अचानक उसने गाडी का नियंत्रण खो दिया, जिससे डीसीएम एक खाई में जा गिरी, सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जब चालक को निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।आये दिन कानपुर के हाइवे में कोई न कोई दुघर्टना घटित होने का क्रम जारी है। शुक्रवार की भोज को सुबह कानपुर के शिवराजपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना हुई, जिसमें कानपुर से कन्नौज हाईवे पुल पर एक तेज रफ्तार डीसीएम गाडी अचानक हाईवे किनारे एक खाई में जा गिरी। बताया जाता है कि चालक को नींद की झपकी आ जाने के कारण उसने गाडी पर से संतुलन खो दिया और हादसा हो गया। स्थानीय निवासियों ने पुलिस को सूचना दी। मौक पर पहुंची पुलिस ने जब तक डीसीएम के चालक को निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। डीसीएम चालक के पास मिले लाइसेंस से उसका नाम रंजीत कुमार पाल है और वह अलमऊ गांव जगन्नाथपुर थाना गोपीगंज, जिला संत रविदास नगर का रहने वाला है यह जानकारी हुई। पुलिस द्वारा चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मृतक चालक के घरवालों को सूचना दी।

## अस्पतालों में लगतार बढ़ रहे ब्रेन स्ट्रोक व सांस के मरीज



कानपुर नगर, बदले हुए मौसम, वातावरण में नमी और बारिश के साथ चलने वाली तेज सर्द हवाओं ने सांस के मरीजों की तकलीफ बढ गयी है और अस्पतालों में लगातार मरीजों की संख्या बढती जा रही है। हैलट अस्पताल में गुरूवार को ओपीडी में मरीजों की भारी भीड बनी रही। बुजुर्गो के साथ साथ युवाओं में भी ब्रेन स्ट्रोक पाया गया। डाक्टरों ने बताया कि शहर में वायरल के चलते लोगों में जहां बदन, सिर और सीने में दर्द की शिकायत ज्यादा आ रही है तो वहीं नसों की सूजन, तेज दर्द और उल्टी के मरीज आ रहे है। बताया गया कि अभी ज्यादा सर्दी नही पड रही है, सर्दी बढने के साथ और ज्यादा मरीज आयेगे। नमी का मौसम वायरस पनपने के लिए मुफीद होता है। गुरूवार को हैलट ओपीडी में 400 से अधिक मरीज पहुंचे इसके साथ ही चेस्ट हास्पिटल में भी मरीजों का तांता लगा रहा। ज्यादा उम्र के वो मरीज जिन्हे अस्थमा की शिकायत है, उनके लिए इस मौसम में तकलीफ बढ गयी है तो अस्पताल में डाक्टरों की टीम को अलर्ट कर दिया गया है। बताया गया कि आने वाले मरीजों की संख्या में देखते हुए विशेष रूप से विशेषज्ञों की टीम को तैनात किया गया है। सलाह देते हुए कहा कि बुजुर्ग और बच्चे ज्यादा सर्दी में विशेष तौर पर सुबह और शाम को घर पर ही रहे, गर्म कपडे पहले और मास्क लगातार ही घर से बाहर निकले।

**धूल व प्रदूषण से मिली राहगीरों को राहत**

शहर में लगातार प्रदूषण का स्तर बढता जा रहा है। शहर में मेट्रो निर्माण के कारण कई स्थानों में यातायात में असुविधा हो रही है तो वहीं वीआईपी रोड, चुन्नीगंज, सीटीआई चौराहा, शारदा नगर आदि कई क्षेत्रों में खुदाई होने के कारण वातावरण में धूल की बढी मात्रा भी लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है, जिससे अस्थमा रोगियों की मुश्किले बढी है तो वहीं लोगों को नेत्र सम्बन्धि परेशानी भी बडी हे। गुरूवार की सुबह बारिश के कारण शहर को कुछ समय के लिए ही सही प्रदूषण और धूल से निजाद मिली। वह स्थान खतरनाक साबित हुए जहां खुदाई की गयी है या चल रही है और काम हो रहा है। बारिश के कारण मिटटी सडकों पर फैल गयी,जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी।

## दो वांछित शातिर अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर के कुशल परिवेक्षण में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध व पुलिस उपायुक्त अपराध के निर्देशन व अपर पुलिस उपायुक्त अपराध के कुशल मार्ग दर्शन में अपराध शाखा की स्वाट टीम द्वारा जिला कच्छ गुजरात राज्य की पुलिस के साथ समन्वय बनाकर 30 नवम्बर को गिरफ्तार कर न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड उपरान्त 02 दिसंबर को वांछित अभियुक्तगण इशहाक पुत्र नूर मोहम्मद नि0 मुस्लिम चौकडी खसरा ग्राउण्ड थाना ए डिवीजन सिटी भुज जिला कच्छ प्रदेश गुजरात आदि 02 नफर को लाया गया। थाना हरवंशमोहाल कानपुर नगर पर 16 अप्रैल 2023 को मु0अ0सं0 40/2023 धारा 420/406/ 506/ 467/468/471भा.द.स. पजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना उ0नि0 राजा राम गौड द्वारा की जा रही थी। विवेचना में अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु विवेचक द्वारा पुलिस उपायुक्त अपराध से सहयोग मांगा गया था, जिसके क्रम में 21नवम्बर को स्वाट टीम अपराध शाखा सुराग रसी पतारसी रवाना होकर थाना हरवंश मोहाल के साथ समन्वय बनाकर घटना का सफल अनावरण किया गया।

## पकड़ी गई सिंगल यूज प्लास्टिक की अब तक की सबसे बड़ी खेप



कानपुर। राज्य कर के सचल दस्ता 11 ने गुजरात से बोकारो(झारखंड) जाता हुआ एक ट्रक पकड़ा जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक की बड़ी खेप अन्य सामान के साथ लोड थी।सचल दस्ते के सहायक आयुक्त रविकांत द्वारा नगर निगम प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नारायण को इसकी सूचना दी गई। प्रवर्तन दल यह ट्रक लखनपुर स्थित राज्य कर ऑफिस से अपने कब्जे में लेकर नगर निगम लाया।जांच पड़ताल में इस ट्रक से हलोल गुजरात की 6 फैक्ट्रियों से 475 बोरियों में 14,750 किलो(पौने 15 ton) विभिन्न प्रकार के कैरीबैग बरामद किए गए जिनको जब्त कर लिया गया। यह प्रवर्तन दल द्वारा पकड़ी गई सिंगल यूज प्लास्टिक की अब तक की सबसे बड़ी खेप है।राजस्व निरीक्षक नफीस द्वारा ट्रक मालिक से 80 हजार रुपए जुर्माना लेने के बाद इस ट्रक को देर शाम छोड़ा गया। जब्त प्लास्टिक को नष्ट करने हेतु पनकी कूड़ा प्लांट भिजवा दिया गया।इस अभियान में प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र सिंह, हवलदार इंद्रजीत, राज नारायण, धनंजय, भूपेंद्र सिंह, जितेंद्र बहादुर, राम नरेश, जितेंद्र सिंह, मोहित बेलदार, जुबैर इत्यादि शामिल रहे।

## घटना दुर्घटना के तीन कारण लापरवाही अज्ञानता जल्दबाजी

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नगर में यातायात व्यवस्था को सुधार के लिए नित्य प्रतिदिन प्रयासरत पुलिस आयुक्त डॉ आर के स्वर्णकार व संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी के निर्देशन में यातायात पुलिस लाइन कानपुर में तीसरे दिन दिन इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी कानपुर द्वारा प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कैंप का समापन अंकिता शर्मा एडीसीपी यातायात पुलिस, रेड क्रॉस के सचिव आर के सफड ने किया लखन शुक्ला मास्टर ट्रेनर इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी कानपुर द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण में लखन शुक्ला ने बताया यदि कोई एक्सीडेंट या आपदा में घायल होता है तो हमें उसकी मदद करनी चाहिए अगर खून निकल रहा है पहिले खून बहना रोके जिसके लिए तिकोनी पट्टी से बैंडिंग करे मरीज बेहोश है जिसके लिए लुक लिसेन एंड फील पद्धति द्वारा मरीज की स्थिति को देखते हैं प्रशिक्षण में सीपीआर द्वारा कृत्रिम श्वास देकर मरीज के जीवन को कैसे बचाये का डेमो दिया गया किसी घटना दुर्घटना के तीन कारण लापरवाही अज्ञानता जल्दबाजी है।घायलों के मरने का सबसे बड़ा कारण समय पर उन्हें फस्ट एड नहीं मिल पाती है यदि हम घायल को गोल्डन आवर में मदद दे सबसे पहले रक्तस्त्राव को रोके रक्तश्राव रोकने हेतु तिकोनी पट्टी का प्रयोग बताया गया सी पी आर द्वारा कृतिम श्वांस के माध्यम से जीवन बचाने के तरीके सिखाया , टी आई मनोज कुमार सिंह ने बताया मास्टर ट्रेनर लखन शुक्ला द्वारा सी पी आर के माध्यम से हृदय गति के मरीजों को कृतिम श्वास इलेक्ट्रिक अटेक बर्न एसिड बर्न में प्राथमिक उपचार का डेमो दिया गया, टी लाइन विनय कुमार सिंह ने बताया मास्टर ट्रेनर लखन शुक्ला ने टू हैंडसीट थ्री हैंडसीट तथा फोर हैंडसीट द्वारा रेस्कू कर घायल को ट्रांसपोर्ट करने का लाइव डेमो दिया गया, इस दौरान यातायात पुलिस सिविल पुलिस थाना कोतवाली, फीलखाना,छावनी, चकेरी,, बादशाही नाका, कलेक्टर गंज थानो के पुलिस कर्मी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



## महिला कांस्टेबल की मार्ग दुर्घटना में मौत,थाना चमनगंज में महिला कांस्टेबल थी तैनात

कानपुर नगर, थाना बिल्हौर क्षेत्र के मकनपुर मार्ग पर एक महिला कांस्टेबल की मौत दुर्घटना के दौरान हो गयी। दुर्घटना में घायल महिला कॉस्टेबल को इलाज के लिए बिल्हौर सीएचसी ले जाया गया जहां छाक्टरों के महिला को मृत घोषित कर दिया।मकनपुर मार्ग बिल्हौर में सोमवार की सुबह एक मार्ग दुर्घटना में में चमनगंज कानपुर में तैनात एक महिला कांस्टेबल की मौत हो गयी। बताया जाता है कि मृतक महिला कांस्टेबल का नाम दीरून निशा था पुत्री स्0 मौलाबख्श था और वह मचनगंज की निवासिनी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला कांस्टेबल गदीरून निशा टैक्टर पर बैठकर मकनपुर की ओर जा रही थी कि रास्ते मे पडने वाले रहीमपुर, करीमपुर ठेके के आगे टैक्टर अनियंत्रित हो गया और तेजी के साथ रोड से नीचे उतकर एक पेंड से टकरा गय। हादसे में महिला कांस्टेबल गंभीर रूप से जख्मी हो गयी, जिसे इलाज के लिए बिल्हौर सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

## ट्रांसफार्मर से 14 लाख का तेल व कापर चोरी

### निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर में रखे थे पांच सील पैक ट्रांसफार्मर

कानपुर। चोरो ने एक बडा हाथ मारते हुए तीन सीलपैक नए ट्रांसफार्मरो के तेल और कॉपर की लाखों रूपये की चौरी की। विशेष बात यह कि घटना चुन्नीगंज कर्नलगंज था के ठीक बगल में हुई। खबर लिखे जाने तक पुलिस द्वारा घटना के बाबत कोई मामला दर्ज नही किया था। बताया जाता है कि चुन्नी गंज कर्नलगंज थाने के ठीक बगल में कन्वेंशन सेंटर का काम किया जा रहा है, जिसे एमअचपीएल प्राइवेट लि0 द्वारा कराया जा रहा है। बताया गया कि यहां पर केस्को ने कन्वेंशन सेंटर में बिजली उपलब्धता क लिए 400 केवी के पांच नए ट्रासफार्मर मगां कर रखे थे जो कर्नल गंज थाने के पीछे रखा गया था। पूरे प्रकरण में डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार ने कहा जानकारी दी कि केस्कों के अधिकारी मामले में तहरीर देने आये थे, पूर्ण प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।



# वर्ल्ड कप फाइनल में हारने के बाद खूब रोए थे रोहित-विराट

वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में भारत की हार के बाद पूरे देश का दिल टूट गया था। टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ी तो लोग घरों में गमजदा थे। मोहम्मद सिराज समेत कुछ खिलाड़ियों की आखें मैदान पर ही नम हो गईं तो कुछ ने ड्रेसिंग रूम में पहुंचकर आंसू बहाए। उस रात टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में क्या हुआ? इस राज से अब जाकर टीम के सदस्य रविचंद्रन अश्विन ने पर्दा उठाया है। अश्विन ने बताया कि फाइनल में हार के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों ड्रेसिंग रूम में रो रहे थे, यह देख उन्हें काफी बुरा लग रहा था। उस रात हमें दर्द महसूस हुआ।रविचंद्रन अश्विन ने यूट्यूब पर एस बद्रीनाथ से बातचीत के दौरान वर्ल्ड कप फाइनल की उस रात को लेकर बताया कि हां, हमें दर्द महसूस हुआ। ड्रेसिंग रूम में रोहित शर्मा और विराट कोहली रो रहे थे। ये देख काफी बुरा लगा। ऐसा नहीं होना चाहिए था। हमारी टीम अनुभवी थी। हर किसी को पता था कि क्या करना है? मेरा मानना है कि दो स्वाभाविक लीडर ने टीम को ऐसा करने के लिए स्पेस देते हुए माहौल बनाया।अश्विन ने इस दौरान अपने कप्तान रोहित शर्मा की जमकर तारीफ करते हुए उनकी लीडरशिप स्किल के बारे में भी बताया। अश्विन ने कहा कि रोहित ने जिस तरह से टीम के हर खिलाड़ी को जानने के लिए वक?त निकाला, वह उन्हें खास कप्तान बनाता है। हर कोई कहेगा कि एमएस धोनी बेस्ट कप्तानों में से एक हैं तो रोहित शर्मा बेहतरीन इंसान हैं। वह हर खिलाड़ी की पसंद और नापसंद के बारे में जानते हैं।

# साउथ अफ्रीका दौरे पर सूर्यकुमार यादव

# टी 20 टीम की अगुआई, राहुल को ODI की कमान

टेस्ट श्रृंखला में राहुल विकेटकीपर की जिम्मेदारी निभाएंगे। रोहित और विराट कोहली दोनों ने बीसीसीआई से दौरे के सीमित ओवरों के चरण से ब्रेक लेने का आग्रह किया था।

अखिल भारतीय वरिष्ठ पुरुष चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे के लिए भारत की वनडे और टी20 टीम की घोषणा कर दी है। घोषणा से पुष्टि होती है कि चयन समिति फिलहाल सूर्यकुमार यादव को टी20ई में कप्तान बनाए रखने की इच्छुक है क्योंकि उन्हें दौरे के टी20ई चरण के लिए कप्तान नामित किया गया है। वहीं केएल राहुल को दौरे पर वनडे टीम का नेतृत्व करने के लिए कहा गया है। गुरुवार को यहां बैठक करने वाली भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति ने सेंचुरियन में 26 दिसंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट की श्रृंखला के लिए तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह को उप कप्तान बनाने का फैसला किया है जबकि रोहित शर्मा टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे। टेस्ट श्रृंखला में राहुल विकेटकीपर की जिम्मेदारी निभाएंगे। रोहित और विराट कोहली दोनों ने बीसीसीआई से दौरे के सीमित ओवरों के चरण से ब्रेक लेने का आग्रह किया था। टेस्ट के लिए भारत की टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रुतुराज गायकवाड़, ईशान किशन (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, मो. शमी, जसप्रित बुमराह (वीसी), प्रसिद्ध कृष्णा।

3 टी20 मैचों के लिए भारत की टीम- यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, इशान किशन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा (वीसी), वाशिंगटन सुंदर , रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मो. सिराज, मुकेश कुमार, दीपक चाहर।




# विश्व कप में मिली निराशाजनक हार के बाद टी20 सीरीज जीतकर खुश हैंः गायकवाड़

रूतुराज गायकवाड़ ने कहा कि आक्रामक और निर्भीक रवैये की बदौलत भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत दर्ज करने में सफल रही।सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ ने कहा कि आक्रामक और निर्भीक रवैये की बदौलत भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत दर्ज करने में सफल रही। उन्होंने साथ ही उम्मीद जतायी कि वनडे विश्व कप फाइनल में मिली निराशाजनक हार के बाद खेल प्रेमियों के लिए यह खुशी का मौका होगा।भारत ने शुक्रवार को चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आस्ट्रेलिया को 20 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत ने नौ विकेट पर 174 रन का स्कोर बनाया था जिसमें गायकवाड़ ने 28 गेंद में 32 रन की पारी खेली। उन्होंने 'जियोसिनेमा' से कहा, ''मुझे लगता है कि हम सभी के लिए खुद को अभिव्यक्त करना और खेल का लुत्फ उठाना महत्वपूर्ण था। प्रत्येक खिलाड़ी ने प्रत्येक चरण में अपनी जिम्मेदारी निभाई। इसलिये हम नतीजे से खुश हैं लेकिन अभी एक मैच और बचा है। ''विश्व कप की निराशा के बाद क्या चर्चा हुई, इस बारे में पूछने पर गायकवाड़ ने कहा, ''चर्चा का लब्बोलुवाब यही था कि बस निर्भीक और आक्रामक खेलो। विश्व कप टीम के दो तीन सदस्य हमारे साथ थे।'' उन्होंने कहा, ''टीम में सकारात्मक माहौल था क्योंकि हम घरेलू टूर्नामेंट खेलकर आ रहे हैं और हर खिलाड़ी ने इसमें अच्छा प्रदर्शन किया था। हर खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरा था।'' गायकवाड़ ने यह भी कहा कि उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के साथ खेलते हुए महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टी20 क्रिकेट की बारीकियां सीखीं।उन्होंने कहा, ''मैंने सीएसके के लिए खेलते हुए इस प्रारूप के बारे में काफी कुछ सीखा। माही भाई (एमएस धोनी) हमेशा हालात पढ़ने और खेल को समझने के लिए तत्पर रहते हैं।'' गायकवाड़ ने कहा, ''उनका संदेश होता था कि आप टीम का स्कोर देखकर तय करो कि टीम की जरूरत क्या है, भले ही मैच की परिस्थितियां किसी भी तरह की हों।'' उन्होंने कहा, ''टी20 में आपको मानसिक रूप से खेल में हमेशा आगे रहना होता है और मैं इसे काफी अहमियत देता हूं। मैच से पहले मैंने सोचा कि मैच के दौरान किस तरह के हालात हो सकते हैं और पिच कैसे बर्ताव कर सकती है।''




# विराट कोहली साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 और वनडे नहीं खेलेंगे, रोहित पर भी संशय

नई दिल्ली. टीम इंडिया अभी ऑस्ट्रेलिया ने 5 मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है. सीरीज से वर्ल्ड कप 2023 में उतरने वाले अधिकतर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है. सूर्यकुमार यादव की अगुआई में टीम सीरीज में अभी 2-1 से आगे है. इसके बाद टीम इंडिया को 10 दिसंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ उसी के घर में 3 टी20, 3 वनडे और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है. इस बीच खबर आ रही है कि विराट कोहली ने बीसीसीआई को जानकारी दे दी है कि वे व्हाइट बॉल की सीरीज नहीं खेलेंगे. यानी वे साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज से बाहर रहेंगे. रोहित शर्मा को भी लेकर संशय बना हुआ है.इंडियन एक्सप्रेस की खबर के अनुसार, विराट कोहली ने बोर्ड को जानकारी दी गई है कि उन्हें अभी व्हाइट बॉल क्रिकेट से ब्रेक चाहिए. सूत्र ने बताया कि कोहली ने बीसीसीआई और सेलेक्टर्स को सूचित किया है कि उन्हें व्हाइट बॉल क्रिकेट से ब्रेक की जरूरत है. वह उन्हें बाद में इसकी जानकारी देंगे कि वे कब व्हाइट बॉल क्रिकेट के मुकाबले खेलेंगे. हालांकि वे रेड बॉल क्रिकेट खेलेंगे. इससे साफ है कि कोहली साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलते हुए दिखेंगे.रोहित शर्मा के भी साउथ अफ्रीका के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज में खेलने को लेकर अभी चीजें स्पष्ट नहीं हैं. विराट कोहली अभी लंदन में छुट्टियां मना रहे हैं जबकि रोहित भी यूके में हैं. रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार 10 मैच जीते थे।

# आशीष नेहरा ने रिंकू सिंह को टी 20 वर्ल्ड कप में शामिल करने पर दिया सुझाव

भारतीय टीम अब टी20 विश्वकप की तैयारियों में जुट गई है जिसका आयोजन अगले वर्ष होना है। इस टी20 विश्व कप के आयोजन से पहले भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को लेकर बड़ा बयान दिया है।बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज को आगामी टी20 विश्व कप में फिनिशर की भूमिका मिलनी चाहिए। रिंकू सिंह ने अपनी बल्लेबाजी और खेल से साबित किया है कि वो भारतीय टीम के लिए बेहतरीन फिनिशर की भूमिका निभा सकते है। आशीष नेहरा का मानना है कि रिंकू सिंह को ये स्थान हासिल करने के लिए अपने साथी खिलाड़ियों के साथ कड़ी चुनौती मिल सकती है। टी20 विश्व कप 2024 का आयोजन जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होना है।टी20 विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज में रिंकू सिंह ने बेहतरीन फॉर्म दिखाई है। इस दौरान उन्होंने चौथे मैच में भी 29 गेंदों में 46 रनों की दमदार पारी खेली है। इस मैच में भारत ने 20 रनों से जीत हासिल की जिसमें रिंकू सिंह ने शानदार रोल अदा किया है। इस मैच में जीत के साथ ही भारतीय टीम ने पांच मैचों की सीरीज को 3-1 से अपने नाम कर लिया है।






# 'रायबरेली टू' मूवी में भी धमाल मचाएंगे गौरव कुमार

फीचर फिल्म रायबरेली में अपनी खलनायकी का लोहा मनवाने वाले रायबरेली के रहने वाले गौरव कुमार रायबरेली पार्ट 2 में भी अपनी खलनायकी का जलवा बिखरने वाले हैं। रायबरेली पार्ट 2 की शूटिंग भी शीघ्र ही अयोध्या गाजियाबाद, लखनऊ और रायबरेली में शुरू होने वाली है। इस संवाददाता से बात करते हुए गौरव कुमार ने बताया की रायबरेली फिल्म इतनी लोकप्रिय हुई थी कि इसने उत्तर प्रदेश में अपनी लोकप्रियता के आयाम स्थापित किए थे इसकी लोकप्रियता के कारण ही रायबरेली पार्ट 2 का भी निर्माण किया जा रहा है ।जिसमें उन्होंने पहले की तरह मुख्य विलेन की भूमिका निभाई है। उनका मानना है कि वह बालाजी सरकार के भक्त हैं और उनकी कृपा से एक बार फिर रायबरेली पार्ट 2 भी उत्तर प्रदेश में तहलका मचाएगी।

# रनबीर कपूर की एनिमल में अब तक की सबसे जानदार परफॉर्मेंस




रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर और बॉबी देओल अभिनीत एनिमल आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है और सोशल मीडिया पर पहली प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में रणबीर की परफॉर्मेंस से दर्शक काफी प्रभावित नजर आ रहे हैं। रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर और बॉबी देओल अभिनीत एनिमल आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है और सोशल मीडिया पर पहली प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में रणबीर की परफॉर्मेंस से दर्शक काफी प्रभावित नजर आ रहे हैं। शुरुआती प्रतिक्रियाएँ ऑनलाइन काफी हद तक सकारात्मक हैं, नेटिज़न्स ने रणबीर की अत्यधिक प्रशंसा की और फिल्म को मेगा ब्लॉकबस्टर घोषित किया ।एक यूजर ने एक्स पर लिखा, रणबीर कपूर और बॉबी देओल ने क्या शानदार परफॉर्मेंस दी है! एक्शन बहुत ब्लॉकबस्टर है! डायरेक्शन, बीजीएम सब कुछ मास्टरक्लास है। एक अन्य ने साझा किया- यह फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर के बाद सबसे महान भारतीय फिल्म बन गई है। मुझे यह पसंद आया रणबीर कपूर, अनिल कपूर ने बहुत अच्छा काम किया, खासकर बॉबी देओल ने। एक्शन दृश्य महाकाव्य हैं और अंतिम क्लाइमेक्स दृश्य मन को झकझोर देने वाला है। एक तीसरे उपयोगकर्ता ने लिखा रणबीर कपूर द्वारा सर्वश्रेष्ठ अभिनय। बॉबी देओल मास क्लास। विभिन्न प्रकार के संदेश के साथ सर्वश्रेष्ठ एक्शन मूवी में से एक। इंटरवल जरूर देखें, इसमें एक सरप्राइज है।

एनिमल के ट्रेलर ने स्तर बहुत ऊंचा कर दिया है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने अब तक 12,539 शो के लिए 7,45,992 टिकट बेचे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, एनिमल ने एडवांस बुकिंग में करीब 20 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. जहां हिंदी शो के लिए 5,75,197 टिकट बेचे गए हैं, वहीं तेलुगु शो के लिए 1,63,361 टिकट खरीदे गए हैं। एनिमल की जबरदस्त अग्रिम बुकिंग में प्रमुख रूप से दिल्ली (4.07 करोड़ रुपये), तेलंगाना (4.14 करोड़ रुपये), महाराष्ट्र (3.29 करोड़ रुपये), कर्नाटक (2.23 करोड़ रुपये), गुजरात (1.49 करोड़ रुपये), 2.18 करोड़ आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश (1.34 करोड़ रुपये शामिल है ।एनिमल कबीर सिंह फेम संदीप रेड्डी वांगा द्वारा सह-लिखित, संपादित और निर्देशित है। एनिमल में तृप्ति डिमरी भी हैं। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने एनिमल को ए सर्टिफिकेट दिया है। फिल्म का रन टाइम 3 घंटे 35 मिनट है ।एनिमल 1 नवंबर, 2023 को दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा ने किया है और इसमें रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में हैं। रणबीर का किरदार, अर्जुन नाम का एक गैंगस्टर, एक ऐसे व्यक्ति के रूप में वर्णित है ।

शुरुआती प्रतिक्रियाएँ ऑनलाइन काफी हद तक सकारात्मक हैं, नेटिज़न्स ने रणबीर की अत्यधिक प्रशंसा की और फिल्म को मेगा ब्लॉकबस्टर घोषित किया ।एक यूजर ने एक्स पर लिखा, रणबीर कपूर और बॉबी देओल ने क्या शानदार परफॉर्मेंस दी है! एक्शन बहुत ब्लॉकबस्टर है! डायरेक्शन, बीजीएम सब कुछ मास्टरक्लास है। एक अन्य ने साझा किया- यह फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर के बाद सबसे महान भारतीय फिल्म बन गई है। मुझे यह पसंद आया रणबीर कपूर, अनिल कपूर ने बहुत अच्छा काम किया, खासकर बॉबी देओल ने।

# दयाबेन की वापसी के बारे में तेजी से हो रही है चर्चा



तारक मेहता का उल्टा चश्मा हिंदी टेलीविजन पर सबसे ज्यादा देखा जाने वाला सिटकॉम है। यह शो पिछले एक दशक से अधिक समय से सफलतापूर्वक चल रहा है और इसने बड़े पैमाने पर प्रशंसक जुटाए हैं। हालाँकि, मेकर्स द्वारा दिशा वकानी उर्फ दयाबेन को वापस लाने का झूठा वादा करने के बाद प्रशंसक अब शो का बहिष्कार कर रहे हैं। उन लोगों के लिए जो एक दशक से सो रहे हैं, दिशा वकानी और मोनिका भदोरिया ने इस साल जून में तारक मेहता का उल्टा चश्मा छोड़ दिया। अटकलें लगाई जा रही थीं कि भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण दोनों ने शो छोड़ दिया है ।भदोरिया ने खुलासा किया था कि असित मोदी ने उन्हें उनकी मां के निधन के बाद निर्धारित दिनों में वापस लौटने के लिए बुलाया था। उन्होंने कहा था, 卐मैं सदमे में थी लेकिन उन्होंने मेरी मां की मौत के सात दिन बाद ही मुझे फोन किया और सेट पर रिपोर्ट करने के लिए कहा। जब मैंने कहा कि मेरी हालत ठीक नहीं है तो उनकी टीम ने कहा, हम आपको पैसा दे रहे हैं% है, हम जब चाहे आप को खड़ा होना पड़ेगा चाहे आप की मम्मी एडमिट हो या कोई। मैं सेट पर गया क्योंकि मेरे पास कोई विकल्प नहीं था और मैं बस रोज रोता था। ऊपर से उनका अत्याचार और दुर्व्यवहार भी करते थे। वे फोन करते थे मैं कॉल टाइम से एक घंटा पहले सेट पर था। इतनी गुंडागर्दी है उनके सेट पर। वह कहता है मैं भगवान हूं।

# छोड़ा अब ऑफबीट का मोह तापसी पन्नू



अभिनेत्री तापसी पन्नू ने हाल ही में राजकुमार हिरानी की फिल्म 'डंकी' की शूटिंग शुरू की है। शाहरुख की इस फिल्म में तापसी की अहम भूमिका है। वैसे देखा जाए,तो अपने पंद्रह साल के कैरियर में तापसी की यह बड़ी उपलब्धि है। सच तो यह कि अपने इन वर्षों में अपनी तमाम कोशिश के बावजूद तापसी स्टारडम के किसी बड़े मुकाम को हासिल नहीं कर पाई हैं। क्योंकि इस दौरान उनकी जो भी फिल्में आई हैं,उनका रिजल्ट कुछ खास नहीं रहा है। ऐसे समय में उनके लिए हिरानी की फिल्म डंकी एक उम्मीद की किरण बन कर सामने आ सकती है।

**चूक से सबक लिया**-तापसी भले ही इस बात को कबूल न करें,पर उनकी बड़ी चूक थी कि वह ऑफबीट फिल्मों में भरोसा करती रहीं, और इन फिल्मों ने हमेशा उनके साथ छलावा किया। ये फिल्में धड़ाधड़ फ्लॉप होती रही। इस तरह उनका कैरियर ग्राफ लगातार गिरता रहा। उनकी ऐसी फिल्मों ने अब भी उनका दामन नहीं छोड़ा है। लेकिन अब लगता है कि तापसी इस सम्मोहन से एक हद तक बाहर निकल आई है। उनके निंदक कुछ भी कहते रहें,मगर वह नए उत्साह से भरी हुई हैं। 'डंकी' के रोल की चर्चा करने पर वह सिर्फ इतना बताती हैं,'चैलेंजिंग रोल के लिए हर एक्टर पूरे समर्पण से तैयारी करता है। मैं भी अपना श्रेष्ठ देने की कोशिश कर रही हूं।'

**टिकट खिड़की अहम होती है**-हमेशा की तरह इस समय भी उनके पास तीन-चार और फिल्में हैं,मगर अब तापसी उन फिल्मों का जिक्र भी नहीं करना चाहती हैं। वह कहती हैं,' लोग लाइम लाइट में आने के लिए मेहनत भी बहुत कड़ी करते हैं। इसलिए अब बिना वक्त गवांए,मैं कुछ ऐसा करना चाहती हूं,जिसकी तारीफ मेरे फैन भी करें।' उनकी बातचीत में संजीदापन हमेशा साफ झलकता है। इसलिए फिल्म से इतर जिंदगी से जुड़े कई दूसरे सवालों का जवाब भी बेबाकी से देती हैं। हीरो-हीरोइन की पोजिशन को लेकर भी वह काफी सचेत हैं। कहती हैं,' इस बारे में मेरी सोच बिल्कुल जुदा है। देखिए पोजिशन की बातें तय करते समय हमें एक ही बात अपने जेहन में रखनी पड़ती है। कितने दर्शक मेरे लिए टिकट खरीदकर हाल में सिनेमा देखने आ रहे हैं। यदि मैं फिल्म के बिजनेस को समान रूप से हीरो की तरह प्रभावित नहीं कर पा रही हूं। तब ज्यादा अहमियत पाने की ख्वाहिश करना निर्माताओं के लिए टेंशन बढ़ाने के अलावा कुछ भी नहीं है। यह निर्माताओं का नहीं, समाज का दोष है। पुरुष-महिला का भेदभाव लोगों के मन से न जाने पर निर्माताओं को दोष देना ठीक नहीं होगा।'

**अवार्ड के पीछे क्यों भागना**-फिल्मी अवार्ड को लेकर भी उनके मन में कोई कुंठा नहीं है। वह दो टूक कहती हैं,' अपने कैरियर के शुरुआती दौर की फिल्म 'बेबी' के मेरे रोल की सभी ने बहुत तारीफ की थी। लेकिन उस साल किसी अवार्ड की बात जाने दें,मुझे नॉमिनेशन तक नहीं मिला। एक्शन कैटेगरी में भी नहीं। जबकि ऐसी नायिकाओं को अवार्ड मिला,जिन्होंने खुद को दिखाने के अलावा कुछ भी नहीं किया था। उसके बाद से अवार्ड से मेरा विश्वास उठ गया है।

# पुष्पा से मिले थे 40 करोड़ पुष्पा 2 से फीस नहीं ले रहे अल्लू अर्जुन!



पुष्पा, नाम सुनके फ्लॉवर समझे हो क्या? फायर है अपुन! फायर% यह साउथ फिल्म पुष्पा का सबसे लोकप्रिय डायलॉग्स में से एक है और जिस तरह से श्रेयस तलपड़े ने इसे हिंदी में अपनी आवाज देकर दिस लहजे में इसे पेश किया है, उनकी जितनी हम तारीफ करें कम है. सभी जानते हैं कि पुष्पा 2 आने वाली है और इसकी शूटिंग तेजी से चल रही है. फिल्म के हर एक अपडेट पर लोगों की नजरें हैं और हम आपको नई जानकारी देते हैं.

किसी भी अन्य इवेंट फिल्म की तरह, पुष्पा 2 के निर्माता फिल्म का म्यूजिक, सैटेलाइट और ओटीटी राइट्स कई अलग- अलग कंपनियों को बेचने के लिए मनोरंजन बाजार में हैं. नेटफ्लिक्स से लेकर स्टार तक, कंपनियां अपने अधिकार हासिल करने के लिए बेस्ट अमाउंट की बोली लगाने के लिए तैयार हैं क्योंकि हर कोई आश्वस्त है कि फिल्म कितनी बड़ी हो सकती है.

इसके अलावा पुष्पा को लेकर एक नऊ रिपोर्ट सामने आई है जो अल्लू अर्जुन की फीस के बारे में हैं. पुष्पा-द राइज के लिए अला स्टार को 35-40 करोड़ का भुगतान किए जाने की सूचना मिली थी, जो 2021 में रिलीज हुई थी. इसके ब्लॉकबस्टर होने के बाद बीतेसाल 2022 में सुनने में आया था कि अब अल्लू इसे दोगुना से अधिक करने और चार्ज करने जा रहे हैं. शायद 100 करोड़ लेकिन लेटेस्ट खबर आ रही है उसे सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे.

जी हां, क्योंकि कि अब अल्लू अर्जुन पुष्पा 2 के मेकर्स ने अपना बढ़ा हुआ मेहनताना नहीं चाहते बल्कि वे एक प्रोड्यूसर की तरह इसकी राशि का भी एक बड़े भाग की मांग कर रहे हैं. ठीक उसी तरह जैसे फिल्म में अल्लू अर्जुन का किरदार हमेशा एक पार्टनर बनना चाहता था, उन्होंने पुष्पा-द रूल उर्फ पुष्पा 2 के लिए भी वही रास्ता अपनाया है.

एक मनोरंजन पत्रकार हरिचरण पुदीपेड्डी ने ये जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि एक विश्वसनीय के अनुसार सूत्र, ने पुष्पा 2 के लिए कोई फीस नहीं ली है. बल्कि वे एक एग्रीमेंट के अनुसार, वो फाइनल रेवेन्यू या कहें अंतिम राजस्व का 33 प्रतिशत घर ले जाने के पक्ष में हैं. उदाहरण के लिए, अगर फिल्म ओटीटी, सैटेलाइट और थिएटर कलेक्शन के जरिए कुल 1000 करोड़ बनाती है, तो अभिनेता को 33 प्रतिशत मिलेगा. तो, क्या ये समझ लिया जाए कि अगर कोई फिल्म 1000 करोड़ से अधिक की कमाई करती है, तो अल्लू अर्जुन 333 करोड़ से अधिक कमाएंगे? लेकिन ऐसा नहीं है. दरअसल, उन्हें कुल कलेक्शन के वितरक के हिस्से (जो हमें नेट आंकड़े से सिनेमा हॉल का किराया घटाने के बाद मिलता है) से वो स्पेशल हिस्सा मिलेगा.

जैसे सभी कटौतियों (प्री-पोस्ट प्रोडक्शन लागत, स्टार/क्रू फीस आदि) के बाद, अगर पुष्पा 2 1000 करोड़ से अधिक कमाती है, तो फिल्म में डिस्ट्रीब्यूटर्स का हिस्सा लगभग 500-550 करोड़ होना चाहिए. यह कर कटौती से पहले है, इसलिए इसके लिए अतिरिक्त 100 करोड़ यानी 18त्न काट लें और आपको लगभग 450 करोड़ का हिस्सा मिलेगा. इस रकम में से अल्लू अर्जुन को 33.33त्न (अगर रेवेन्यू शेयरिंग नंबर की खबर सच है) यानी करीब 150 करोड़ मिलेंगे. ऐसे में पुष्पा-द रूल के लिए अल्लू अर्जुन को अभी भी 150 करोड़ से अधिक का पारिश्रमिक मिलेगा, जो उन्हें पुष्पा-द राइज (पुष्पा) के लिए मिले पारिश्रमिक से तीन गुना अधिक है.

# देश भर में शीत लहर की शुरुआत, मौसम विभाग ने शीत लहर को लेकर जारी की ये चेतावनी



देश भर में शीत लहर की शुरुआत हो गई है। अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से अधिक रहने लगा है। दिसंबर के महीने में ही तापमान में गिरावट होने लगी है। इसके साथ ही ठंड ने भी दस्तक देना शुरू कर दिया है। इसी बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि दिसंबर में देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। 卐दिसंबर 2023 के दौरान, देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो दिसंबर 2023 में अधिकतम तापमान मध्य भारत और उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि मध्य और उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में दिसंबर में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है, उन्होंने कहा कि अधिकांश हिस्सों के लिए न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर रहने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि आगामी सर्दियों (दिसंबर से फरवरी 2024) के दौरान देश के उत्तर, उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्व और पूर्वोत्तर हिस्सों में शीत लहर की घटना सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।

जानें क्यों अधिक रहेगा तापमान

जानकारी के लिए बता दें कि अल नीनो कारक के कारण इस सर्दी में सामान्य से अधिक तापमान की व्यापक उम्मीद थी। आईएमडी ने कहा कि 2023 में (अक्टूबर तक) वैश्विक औसत सतह के पास का तापमान 1850-1900 के औसत से लगभग 1.40 ण 0.12 डिग्री सेल्सियस अधिक था। अक्टूबर के आंकड़ों के आधार पर, यह लगभग तय है कि 2023 174 साल के रिकॉर्ड में सबसे गर्म वर्ष होगा। ये पिछले संयुक्त सबसे गर्म वर्षों, 2016 को 1850-1900 के औसत से 1.29 ण 0.12 डिग्री सेल्सियस ऊपर और 2020 1.2710 को पार कर जाएगा। आईएमडी ने कहा कि पिछले नौ साल, 2015-2023, रिकॉर्ड पर नौ सबसे गर्म साल होंगे।

जानें कब कम होगा अल नीनो?मौसम एजेंसी ने आगे कहा कि अखिल भारतीय औसत तापमान 1901 के बाद से अगस्त, सितंबर और नवंबर के महीने और दक्षिण पश्चिम मानसून के मौसम में रिकॉर्ड उच्चतम मूल्य था और फरवरी 2023 में दूसरा सबसे अधिक तापमान था। आईएमडी के अनुसार, वसंत 2024 में उत्तरी गोलार्ध में अल नीनो का प्रभाव रहेगा, सर्दियों से लेकर वसंत तक इसकी संभावना धीरे-धीरे कम होती जाएगी और मई-जुलाई 2024 में ईएनएसओ-तटस्थ में परिवर्तन की उम्मीद है।

दिसंबर के लिए बारिश की भविष्यवाणी क्या है?

दिसंबर के लिए मासिक बारिश के पूर्वानुमान पर महापात्र ने कहा कि पूरे देश में इसके सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उत्तर-पश्चिम के अधिकांश हिस्सों, मध्य और पूर्वी भारत के आसपास के क्षेत्रों और चरम दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। पूर्वोत्तर भारत, उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत और आसपास के कई हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है।

# दुलहन की दोस्त को पसंद नहीं था दूल्हा, तो तोड़ दी शादी, फिर कर ली आत्महत्या

देश भर में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। इसी बीच तमिलनाडु में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवती ने पहले दूल्हे से शादी करने से इंकार कर दिया। अब शादी से इंकार करने के बाद लड़की ने खुद ही अपनी जान भी दे दी है।

जानकारी के मुताबिक तमिलनाडु में एक 20 वर्षीय लड़की ने शादी करने से इसलिए इनकार कर दिया क्योंकि उसके दोस्तों को दूल्हा पसंद नहीं आया था।

घटना तमिलनाडु के रानीपेट के गांव की है। इस घटना के चार दिन बाद युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

इस मामले पर पुलिस ने कहा है कि युवती के माता-पिता ने उसकी शादी 30 वर्षीय चचेरे भाई से करने का फैसला किया था। माता पिता की खुशी के लिए युवती इस शादी के लिए राजी हो गई थी। दोनों की रजामंदी के बाद 29 नवंबर को गांव में ही शादी की तारीख तय की गई थी। इसी बीच शादी से पहले 27 नवंबर को महिला ने अराकोणम ऑल-वुमेन पीएस से संपर्क किया और कहा कि वो शादी नहीं करेगी। महिला ने बताया कि उसके दोस्तों को दूल्हा पसंद नहीं आया है इसलिए वो शादी तोड़ने का फैसला कर रही है। इस कारण वो अपने 10 वर्ष बड़े चचेरे भाई से शादी करने की इच्छुक नहीं है।वहीं पुलिस को जांच में अंदेशा था कि महिला को किसी से प्यार था। इसके बाद भी वो माता-पिता द्वारा चुने गए व्यक्ति से शादी करने को तैयार थी। इसी बीच युवती ने उस व्यक्ति से शादी करने को इंकार कर दिया। और अपने माता-पिता के साथ भी नहीं गई। पुलिस ने सुरक्षा के लिए महिला को सरकारी आवास में रखा। सरकारी आवास में रहने के बाद महिला ने अपने घर लौटने का फैसला किया। घर लौटने के बाद उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। युवती के आत्महत्या करने के पीछे का कारण पता लगाने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# पाकिस्तान से बॉर्डर पार कर भारत लौटी अंजू, पति अरविंद को कैसे फेस करेगी, सबकुछ भूलकर अंजू को फिर अपनाएंगे या नहीं?



भारतीय सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर अंजू आज पाकिस्तान से लौट आई है. टूरिस्ट वीजा पर पाकिस्तान घूमने गई अंजू ने वहां के नसरुल्लाह के साथ शादी की थी.

पाकिस्तान जाने के बाद अंजू पूरी दुनिया में कई दिनों तक सुर्खियों में छाई रही थी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अंजू बुधवार को अटारी-वाघा बॉर्डर की सीमा से भारत में दाखिल हुई. अभी वह बीएसएफ कैंप में है. अंजू के लौटने के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि वह अपने पहले पति अरविंद को कैसे फेस करेगी. सवाल यह भी है कि क्या अरविंद सबकुछ भूलकर अंजू को फिर अपनाएंगे या नहीं?

अंजू बुधवार दोपहर वाघा (पाकिस्तान)/अटारी (भारत) बॉर्डर पार कर भारत लौटी. वह अकेली थी, उसके पास कुछ सामान था. वह बहुत शांत नजर आई. अंजू अमृतसर सर के लिए निकली है. रात साढ़े दस बजे वह अमृतसर के गुरु रामदास अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होगी.

याद दिला दें कि अंजू राजस्थान के अलवर की रहने वाली है. वह अलवर के भिवाड़ी में अपने पति अरविंद और दो बच्चों के साथ रह रही थी. पांच माह पहले वह टूरिस्ट वीजा पर पाकिस्तान गई. इसके बाद खबर आई कि अंजू का खैबर पख्तूनख्वा में रहने वाले नसरुल्लाह से अफेयर चल रहा था. कुछ ही दिन बाद ये खबर आई कि अंजू ने नसरुल्लाह से निकाह भी कर लिया. अंजू-नसरुल्लाह के निकाह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थी.

अंजू जुलाई में अपने फेसबुक फ्रेंड नसरुल्ला से मिलने पाकिस्तान गई थी. 34 साल की अंजू को पाकिस्तान में निकाह करने के बाद से फातिमा के नाम से जाना जाता है. वह जुलाई से पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में रह रही थी. पाकिस्तानी मीडिया ने खबर दी थी कि अंजू ने अपने फेसबुकफ्रेंड नसरुल्लाह से शादी करने के बाद इस्लाम धर्म अपना लिया है.

पति से झूठ बोलकर गई पाकिस्तान

सितंबर में नसरुल्लाह ने कहा था कि उसकी पत्नी अंजू मानसिक रूप से परेशान चल रही है और और हमेशा अपने बच्चों को याद कर रही है. याद दिला दें कि पाकिस्तान जाने के लिए अंजू ने अपने पति से झूठ बोला था. उसने अरविंद को बताया था कि वह कुछ दिनों के लिए जयपुर जा रही है. हालांकि, बाद में उसके पति को मीडिया के जरिए पता चला कि वह सीमा पार चली गई है.

# उत्तर प्रदेश: फिरोजाबाद बनेगा चंद्रनगर, योगी सरकार लेगी अंतिम फैसला

उत्तर प्रदेश के एक और जिले का नाम बदलने की पूरी तैयारी हो चुकी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद का नाम अब चंद्रनगर करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में इस प्रस्ताव को रखा गया। निगम की बैठक में 12 में से 11 कार्यकारिणी सदस्यों ने इसका समर्थन किया। इससे 2 साल पहले जिला पंचायत की बैठक में भी यह प्रस्ताव पास हो गया है। फिरोजाबाद सुहाग की नगरी के रूप में जाना जाता है। इस प्रस्ताव को अब शासन के पास भेज दिया गया है जहां इसके नाम पर फाइनल मुहर लगेगी।

बैठक में कुल 17 प्रस्ताव पेश किये गये। कर अधिकारी नीरज पटेल ने फिरोजाबाद का नाम बदलकर चंद्रनगर करने का प्रस्ताव रखा, जिसे बिना किसी बहस के पारित कर दिया गया। वार्ड संख्या 61 से समाजवादी पार्टी (सपा) के पार्षद मोहम्मद रिहान ने सबूत पेश करने का सुझाव दिया कि फिरोजाबाद को पहले चंद्रनगर कहा जाता था। उन्होंने कहा कि अगर कोई सबूत नहीं है तो इसे फिरोजाबाद ही छोड़ देना चाहिए। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद फिरोजाबाद का नाम बदलने की उम्मीद और उम्मीद बढ़ गई है। फ़िरोज़ाबाद अपने कांच और चूड़ी उत्पादों के लिए प्रसिद्ध है।

बताया जाता है कि मुगल बादशाह अकबर के सेनापति फिरोज शाह के बेटे के नाम पर इस शहर का नाम फिरोजाबाद रखा गया। हालांकि, स्थानीय लोगों का मानना रहा है कि फिरोजाबाद का नाम पहले चंद्रनगर था। इसलिए फिर से उसे चंद्र नगर करने की मांग उठी। अब प्रस्ताव के जरिए पास कर दिया गया है। यह पहला मौका नहीं है जब उत्तर प्रदेश के किसी जिले का नाम बदला जा रहा है। अलीगढ़ का नाम हरिगढ़ करने के प्रस्ताव को भी नगर निगम की ओर से पास कर दिया गया है। वहीं फैजाबाद और इलाहाबाद जिले का नाम पहले ही बदल दिया गया है। फैजाबाद को जहां अयोध्या किया गया है तो वहीं इलाहाबाद अब प्रयागराज के नाम से जाना जाता है।

# भीषण अग्निकांड के बाद एक बार फिर उत्तर मध्य रेलवे विभाग की नींद खुली

## दरभंगा व वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन में हुए भीषण अग्निहांड के बाद जागा उत्तर, मध्य रेलवे विभाग




कानपुर नगर, जब तक कोई बडा हादसा नही होता और यात्री आहत नही होते तब तक रेलवे विभाग नही जागता, यहीं हाल लगभग सभी सरकारी महकमों का है। घटना होने के बाद कुछ दिन तक उस परिपेक्ष में नियम कानून की दुहाई दी जाती है लेकिन कुछ समय बीतने के बाद सब पहले जैसा हो जाता है। दरभंगा एक्सप्रेस और वेशाली एक्सप्रेस टेंञ्न में हुए भीषण अग्निकांड के बाद एक बार फिर उत्तर, मध्य रेलवे विभाग की नींद खुली और कानपुर सेंट्रल के अलावा भी अन्य प्रमुख स्टेशनों में मॉक ड्रिल के माध्यम से जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

जागरूक करने के क्रम में बुधवार को कानपुर सेंट्रल पर एडीआरएम, आरपीएफ, एनडीआरएफ और जिले की पुलिस के साथ मॉक ड्रिल की गयी, इस दौरान दमकल विभाग की गाडी भी मौजूद रही। मॉकड्रील के दौरान एक खराब ट्रेन की बोगी में पहले आग लगाई गयी, फिर उपस्थित फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाने का काम शुरू किया साथ ही काल्पनिक रूप से बिठाये गये यात्रियों को रेस्क्यू कर बाहर निकाने का अभ्यास किया गया। इस दौरान कमांडेट एनडीआरएफ अनिल कुमार पाल द्वारा बतया गया कि इस प्रकार के मॉकड्रील से हमें अपनी क्षमता का पता चलता है कि हम कैसे और किस प्रकार किसी घटना के लिए तैयार है।

वहीं एडीआरएम संजय सिंह ने बताया कि यदि ट्रेन आग की चपेट में आती है तो उसे किस प्रकार बचाया जाये कैसे राहत व बचाव कार्य किया जाये साथ ही बचाव टीम के लोग भी खुद अपना कैसे बचाव करें इसकी जानकारी दी गयी। इस दौरान रेस्क्यू ऑपरेश और घायल को किस प्रकार अस्पताल पहुंचाया जाये आदि का प्रदर्शन किया गया। इस मॉकड्रिल में रेलवे, एनडीआरएफ, सिविल प्रशासन, चिकित्सा विभाग, पुलिस, सिविल डिफेंस, स्काउट और गाइड की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भारत की हार पर छात्रों ने मनाया था जश्न, पाक के समर्थन में लगाये नारे, सात छात्रों को किया गया गिरफ्तार



जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाने पर सात छात्रों की गिरफ्तारी एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनता जा रहा है। हम आपको बता दें कि आपत्तिजनक नारे लगाने और विश्व कप फाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम की हार का जश्न मनाने के आरोप में एक कृषि विश्वविद्यालय के सात छात्रों को गैरकानूनी गतिविधियां निवारण अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एसकेयूएसटी)-कश्मीर के छात्र हैं। पुलिस ने एक छात्र की शिकायत की जांच शुरू करने के बाद छात्रों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसके कॉलेज के साथियों ने उसे परेशान किया था और फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार के बाद आपत्तिजनक नारे लगाए थे। अधिकारियों ने कहा कि छात्रों के खिलाफ यूएपीए और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।छात्रों की गिरफ्तारी के विरोध में उतरते हुए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने इसे चौंकाने वाला तथा चिंताजनक कदम बताया है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी इस मुद्दे पर गौर करने का अनुरोध किया है। महबूबा ने कहा, यह चिंताजनक और चौंकाने वाली बात है कि कश्मीर में विश्व कप विजेता टीम का समर्थन करना भी अपराध हो गया है। पत्रकारों, कार्यकर्ताओं और अब छात्रों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) जैसे कठोर कानूनों को लागू करने से जम्मू-कश्मीर में युवाओं के प्रति प्रशासन की क्रूर मानसिकता का पता चलता है।

बाद में पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में महबूबा ने कहा, खेल तो खेल है, हमारे प्रधानमंत्री और उनसे पहले भी कई लोग मैच देखने गए और जो टीम अच्छा खेलती है उनका हौसला बढ़ाते हैं, वे विपक्षी टीम का भी हौसला बढ़ाते हैं। वे दावा करते हैं कि जम्मू-कश्मीर में चीजें ठीक हैं, फिर ऑस्ट्रेलिया की जीत का जश्न मना रहे कुछ छात्रों को लेकर इतना डर और व्याकुलता क्यों है? पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यूएपीए का इस्तेमाल आतंकवादियों पर मामला दर्ज करने के लिए किया जाता है, लेकिन सरकार ने युवाओं, पत्रकारों और छात्रों को कड़े कानून के तहत गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा, आपको जम्मू-कश्मीर के लोगों का दिल और दिमाग जीतना होगा। कितनों को जेल में डालेंगे? मैंने पहले भी कहा है कि एक विचारधारा होती है और आप किसी विचारधारा को पिंजरे में कैद नहीं कर सकते हैं। युवाओं, पत्रकारों पर यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है, जो आतंकवादियों के लिए है। अब, वे इसका इस्तेमाल छात्रों के लिए कर रहे हैं ।

# उत्तर प्रदेश सरकार का एक्शन, उतरवाए गए अवैध रूप से लगे लाउडस्पीकर



उत्तर प्रदेश में राज्य पुलिस ने धार्मिक स्थानों सहित सार्वजनिक स्थानों पर लाउडस्पीकरों के खिलाफ एक महीने का अभियान शुरू किया है, जिसमें डेसिबल स्तर और वैधता की जांच की जा रही है। पहले दिन 3,238 अवैध लाउडस्पीकर हटाए गए और 7,288 लाउडस्पीकरों का डेसिबल स्तर कम किया गया। अवैध रूप से लगाए गए लाउडस्पीकरों के खिलाफ पिछले अदालती फैसलों के बाद इस अभियान का आदेश दिया गया है। अकेले आगरा में 187 लाउडस्पीकर हटा दिए गए और 79 लाउडस्पीकरों का डेसिबल स्तर कम कर दिया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुपालन में, कानपुर पुलिस ने 26 नवंबर को शुरू हुए एक अभियान में 300 लाउडस्पीकरों को हटा दिया, जो निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन कर रहे थे।

कानपुर पुलिस की यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मानदंडों के विरुद्ध या निर्धारित डेसिबल सीमा से अधिक चलने वाले लाउडस्पीकर या ध्वनि एम्पलीफायरों को हटाने के आदेश पारित करने के बाद आई है। एक वीडियो में, हिंदू और मुस्लिम समुदायों के धार्मिक नेताओं को कानपुर पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में मंदिरों और मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाते हुए देखा जा सकता है। कानपुर पुलिस की मुहिम को देखकर शहर भर के कई धर्मगुरुओं ने भी खुद ही लाउडस्पीकर हटा दिए हैं। अपने अभियान में, पुलिस ने शहर भर के कई मंदिरों, मस्जिदों और अन्य धार्मिक स्थानों से लगभग 300 लाउडस्पीकर हटा दिए। पिछले साल अप्रैल में राज्य सरकार ने भी पूरे राज्य में धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने के लिए इसी तरह का अभियान चलाया था। उल्लंघन करने वालों को नोटिस दिया गया और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। महीने भर चलने वाले अभियान के लिए हर जिले में वरिष्ठ अधिकारियों की पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

राज्य पुलिस मुख्यालय से प्राप्त विवरण के अनुसार सोमवार को अभियान के पहले दिन राज्य भर में सार्वजनिक/धार्मिक स्थानों पर लगे 61,399 लाउडस्पीकरों की जांच की गई। अधिकारियों ने कहा कि 3238 अवैध लाउडस्पीकरों को हटा दिया गया, जबकि 7288 लाउडस्पीकरों का डेसीबल स्तर, जो अनुमेय सीमा से अधिक था, कम कर दिया गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उसकी लखनऊ पीठ ने कई मौकों पर राज्य सरकार को अवैध रूप से लगाए गए लाउडस्पीकरों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। अदालत ने बदायूँ जिले के एक निवासी की याचिका को खारिज करते हुए यह आदेश पारित किया था, जिसने शिकायत की थी कि जिले की बिसौली तहसील के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) ने अजान के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग करने के उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था।

# हाई स्कूल और इंटरमीडिएट एग्जाम फरवरी में



उत्तर प्रदेश बोर्ड हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा की तारीख है जारी हो गई है। इस वर्ष यूपी बोर्ड की परीक्षा में 55 लाख से अधिक छात्र छात्राएं बैठेंगे। 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए 55 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन किया है। यूपी बोर्ड की परीक्षा एशिया के सबसे बड़े बोर्ड एग्जाम में शामिल की जाती है क्योंकि इसमें लाखों की संख्या में छात्र-छात्राएं बैठते हैं।

जानकारी के मुताबिक इस वर्ष यूपी बोर्ड में परीक्षा के लिए आवेदन करने के लिए अंतिम तारीख 10 सितंबर थी, जिसमें हाई स्कूल और इंटरमिडिएट बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 55 लाख से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है।

इनमें दसवीं की परीक्षा के लिए 29 लाख 54 हजार और 12वीं की परीक्षा के लिए 25 लाख 49 हजार छात्रों ने आवेदन किया है। बोर्ड ने सभी छात्रों के लिए परीक्षा की तारीख जारी कर दी है। परीक्षा की तारीख को लेकर लंबे समय से छात्र इंतजार कर रहे थे।जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कक्षा 12 के लिए प्रैक्टिकल परीक्षा की तारीख है जारी की है। 12वीं कक्षा के प्रैक्टिकल दो चरणों में आयोजित होंगे। प्रैक्टिकल परीक्षा का पहला चरण 25 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित होगा जबकि दूसरा चरण 2 फरवरी से 9 फरवरी तक जारी रहेगा। फरवरी के महीने में ही यूपी बोर्ड के थ्योरी विषयों की परीक्षाएं शुरू हो जाएगी। हालांकि इसका टाइम टेबल अभी जारी नहीं किया गया है। परीक्षा शुरू होने से ताई समय पहले बोर्ड का टाइम टेबल जारी कर दिया जाएगा।

# तीन राज्यों में बीजेपी की बंपर जीत पर कानपुर में जश्न



## मेयर प्रमिला पाण्डेय सहित सभी विधायक, सभी जिलाध्यक्ष के साथ कार्यकर्ताओं की आतिशबाजी

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मध्य प्रदेश, छज़ीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान में विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। शुरुआती रुझानों में इन तीनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। छज़ीसगढ़ में भी बीजेपी कांग्रेस को कड़ी टक्कर दे रही है। रुझानों में बज़पर जीत दिखाई देते ही हर प्रदेश में भाजपा ने जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया है।

कानपुर में भी भाजपा पदाधिकारियों और नेताओं ने जीत से पहले से ढ़ोल-नगाड़ों के साथ लड्डू बांटे।

卐कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा है कि आपने सेमीफाइनल देख लिया अब फाइनल का रिजल्ट भी देख लीजिए। उन्होंने कहा कांग्रेसी सुबह से लड्डू लेकर बैठे थे, अब पता नहीं कौन खायेगा। उन्होंने कहा कि मोदी और भाजपा की गारंटी की वजह से ही 75 फीसदी सीटों पर भाजपा को जीत मिली है। 2024 के लोकसभा चुनाव में इससे भी ज्यादा मतों से हम जीतकर एक बार फिर पीएम मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनाएंगे।卐

सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने कहा कि भाजपा के सर्वोच्छ नेता पीएम मोदी की गारंटी को अपनाया है। उसी को लोगों ने अपनाया है। दूसरे दल केवल जातीयगत राजनीति की।

भाजपा रुझानों के अनुसार मध्य प्रदेश राजस्थान व छज़ीसगढ़ में जीत की खुशी में उज़र जिले के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने मिष्ठान वितरण कर आतिशबाजी की। सह मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेयी समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे।तीन राज्यों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत की खुशी में महापौर प्रमिला पांडेय ने नगर निगम मुज़्यालय में आतिशबाजी और लड्डुओं का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह पीएम मोदी के विश्वास की जीत है। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि पीएम मोदी ने बधाई देते हुए कहा कि अब विपक्ष ईवीएम का रोना रायेगी।



कार्यकर्ताओं के बीच लड्डू बांटती कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार

## कानपुरः अधिवक्ता सी ओ पी री इश्यू फार्म जमा तिथि बढ़ाकर 10 दिसंबर की गई



कानपुर। अधिवक्ताओं के सी0ओ0पी0री इश्यू फार्म् जमा की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने के लिए शिव किशोर गौड़ चेयरमैन राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पं रवीन्द्र शर्मा अध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन ने बताया कि प्रदेश में चल रही अधिवक्ताओं की सी ओ पी री इश्यू प्रक्रिया के फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर को बढ़ाकर 10 दिसंबर 2023 कर दी गई । अंतिम तिथि बढ़ने से अधिवक्ताओं में प्रसन्नता है। तिथि बढ़ने की जानकारी चेयरमैन राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश ने फोन पर हुई वार्ता में दी ।उन्होंने बताया कि आप सभी अधिवक्ताओ द्वारा री इश्यू फार्म जमा की तिथि बढ़ाये जाने की मांग को अधिवक्ता हित पाते हुए 30 नवंबर से बढ़ाकर 10 दिसंबर 2023 कर दिया है अब 10 दिसंबर तक री इश्यू फॉर्म बिना लेट फीस के परिषद कार्यालय में जमा किए जा सकते है ।धन्यवाद ज्ञापित करने वालो में तरुणेंदु बाजपेई पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन अनूप शुक्ला सुनील भल्ला अनुराग मिश्र अशोक श्रीवास्तव राकेश सिद्धार्थ जागेंद अवस्थी कमलेश गौतम इंदीवर बाजपेयी अभिषेक तिवारी संजीव कपूर मोहित शुक्ला आदि रहे!

## भैस चोरी कर सरसौल बाजार में बेचते 4 अभियुक्त गिरफ्तार

कानपुर, ग्राम पचुल्ला चौकी क्षेत्र जमालपुर थाना कोतवाली जनपद बाँदा से 03 राशि छोटी बडी भैस चोरी करके लोडर में भरकर सरसौल बाजार में बेचते समय 04 अभियुक्तो को 12 बोर का देसी तमंचा एवं दो कारतूस के साथ बरामदगी/गिरफ्तारी किया गया! पशु क्रूरता अधिनियम व मु0अ0सं0 425/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग किया गया पंजीकृता **घटनाक्रम का विवरण**–जनपद बाँदा से कुछ चोर भैस चोरी करके पिकप मे लाकर सरसौल बाजार में बेचने जा रहे है।


सरसौल बाजार से अभियुक्त स्वयंबर बाबू प्रजापति पुत्र गयादीन नि0 तनगामऊ थाना जसपुरा जनपद बाँदा उम्र 30 वर्ष रोशन पुत्र योगेश कुमार द्विवेदी नि0 ग्राम व थाना जसपुरा जनपद बाँदा उम्र 21 वर्ष 3. बिन्दा पुत्र रामभजन वर्मा नि0 मोहल्ला बाबा तालाब थाना जमालपुर जनपद बाँदा उम्र 32 वर्ष सुनील कुमार प्रजापति पुत्र चुनवादा नि0 ग्राम बिसण्डा थाना बिसण्डा जिला बाँदा उम्र 20 वर्ष को एक लोडर में 03 राशि छोटी व बडी भैस व अभियुक्त स्वयंबर बाबू प्रजापति पुत्र गयादीन नि0 तनगामऊ थाना जसपुरा जनपद बाँदा उम्र 30 वर्ष के कब्जे से एक अदद तमन्चा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस के बरामद किया गया।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, भाई का कहना था कि प्रेत आत्मा के साऐ से तंग आकर की खुदकुशी

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर नगर, आज के आधुनिक और सभ्य समाजा में जब विज्ञान कहां से कहां पहुंच गया है। आज भी लोग अंधविश्वास पर आसानी से यकीन कर लेते है। एक ऐसा ही मामला सामने जिसमें एक युवती ने अपने ही घर के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के भाई ने इसके मानसिक बिमारी और भूत–प्रेम का मामला बताया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस मामले की जांच में जुट गयी।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना चौबेपर क्षेत्र के गढेवा गांव निवासी आरिफ मोहम्मद की 22 वर्षीय बहन रवैया ने अपने ही घर के कमरे में पंखे में दुपटटे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह का समय था। जब रवैया की काफी देर तक आवाज नही आई तो भाई आरिफ उसके कमरे में पहुंचा, जहां उसने अपनी बहन रवैया को फांसी के फंदे से जूलता पाया। कुछ ही देख में परिजन भी वहां आ पहुंचे और देखने ही चीख–पुकार मच गयी। शोर सुन आप–पडोस के लोग भी एकत्र हो गये। रवैया के शव को परिजनों द्वारा फंसे से नीचे उतारा गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कस्टिडी में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की गयी। वहीं मृतका के भाई आरिफ का कहना था कि उसकी बहन की मानसिक हालस ठीक नही रहती थी और हाईस्कूल तक पढाई करने के लिए उसकी पढाई भी बंद हो गयी थी। बताया कि उस पर किसी रूह की छाया थी, जिससे कई बाद उसकी झाड–फूंक भी कराई गयी। उसने कहा कि बीमारी या प्रेत आत्मा के साऐ से तंग आकर उसने आत्म हत्या कर ली। अब बात यहां यह उठती है कि यदि रवैया मानसिक बिमार थी तो उसके भाई ने डाक्टर से इलाज कराया था किसी बिमारी को अंधविश्वास की आड में बढावा दिया जो रवैया के इस कदम को उठाने का कारण बना।

## छात्र की पीट-पीट कर बेरहमी से की गई थी हत्या



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर नगर। रामयूनिवर्सिटी में एमबीबीएस छात्र की लाश मिलने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। वहीं घटना के बाद कानपुर पहुचे मृतक छात्र के पिता ने अपने पुत्र की हत्या की आंशका जताई थी और पुलिस से जांच की मांग की थी। मृतक छात्र की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ चुकी है, जिसमें छात्र के शरीर पर एक दर्जन के आसपास चोट के निशान सहित सिर की हडडी और पसलिया भी टूटी मिली है। फिलहाल बिसरा सुरक्षित रखा गया है, तो वहीं पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी गयी है। हांलाकि अभी तक कोई ठोस नतीजा सामने नही आया है।

रामा यूनिवर्सिटी के हास्टल में एमबीबीएस छात्र साहित की मौत के बाद हुए पोस्टमार्टम में उसके सिर, पासलियों की हडडी जहां टूटी मिली तो वहीं शरीर पर भी चोट के कई निशान पाये गये है, इसके बाद उसकी मौत की गुत्थी उलझती जा रही है। पुलिस एक बार फिर साहिल के साथियों के साथ पूंछतांछ कर रही है और हॉस्टल में लगे कैमरों के फुटेज को चेक कर रही है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद आशंका सत्यता में परिवर्तित हो गयी और माना जा रहा है कि छात्र की हत्या की गयी है। मंगलवार को पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और कई साक्ष्य एकत्र किऐ।

वहीं डसीपी एवं एडिशनल डीसीपी ने पोस्टमार्टम करने वाले पैनल के चिकित्सकों से रिर्पोट पर चर्चा की। बताया जाता है कि घटना की रात हॉस्टल में जमकर नशोबाजी की गयी। वहीं जेसीपी आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि नौ संदिग्ध छात्रों को हिरासत में पूंछतांछ के लिए लिया गया है साथ ही कैमरों की 10 घंअे की फीड को खंगाला जा रहा है।

कर्मचारियों से की बात की जा रही है। अभी भी हत्या का कोई पुख्ता सबूत नही मिल रहा है ऐसे में पुलिस हर विषय को सामने कर जांच कर रही है। वहीं छात्र के परिजनों द्वारा साहिल की हत्या होने की बात लगतार की जा रही है। जहां से गिरने की बात की जा रही है उसकी ऊंचाई मात्र साढे तीन फिट की है ऐसे मे इतनी गंभीर चोट नही आ सकती है। मृतक छात्र के पिता ने घटना पर मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत करने की बात कही गयी।

## तेज रफ़्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी, सात लोग घायल, गंभीर हालत में घायल सवारियों को हैलट अस्पताल किया गया रेफर

कानपुर नगर, कानपुर के घाटमपुर क्षेत्र थानाक्षेत्र के अंतर्गत सडक दुघर्टना में एक तेज रफ़्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिससे उसमें सवार सात सवारियां जज़्मी हो गयी। घाअमपुर सीएचसी से चार गंभीर हालत में घालय सवारियों को हैलट अस्पताल रेफर किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना घाटमपुर क्षेत्र के परास मोड के पास बुधवार की सुबह आ रही एक तेज रफ़्तार पिकप अनियंत्रित होकर पलट गयी। बताया जाता है कि पिकअप कानपुर देहात के गजनेर थाना क्षेत्र के मनेथू से धान काटकर अपने गांव फतेहपुर के चांदपुर थाना क्षेत्र के केवलापुर गांव जा रही थी। तेज रफ़्तार होने के कारण पिकप चालक गाडी पर से नियंत्रण खो बैठा और पिकअप सडक पर पलट गयी। सात घायल सवारियों में चार मन्नू, लज़्खो, सोनाली स सजीव को हैलट रेफर कर दिया गया है, जबकि श्रीपाल, राजकुमार का घाटमपुर सीएचसी में इलाज किया जा रहा है।

## कानपुर के व्यापार मंडलों के साथ पुलिस अपर आयुक्त कार्यालय में बैठक



कानपुर। पुलिस विभाग द्वारा कानपुर के व्यापार मंडलों के पदाधिकारी के साथ आज एक बैठक पुलिस कमिश्नर कार्यालय मैं हुई जिसकी अध्यक्षता जॉइंट पुलिस कमिश्नर नीलाभजा चौधरी ने किया बैठक में व्यापारियों ने अतिक्रमण की समस्या ट्रैफिक समस्याओं पर अपने विचार रखें साथी कानपुर महानगर में बढ़ रही ई रिक्शा पर भी चर्चा हुई होमगार्ड के द्वारा चालान के नाम पर उत्पीड़न के संबंध पर भी अधिकारियों को अवगत कराया महामंत्री द्वारा घंटाघर पर स्थित मंदिर वह पुलिस चौकी को हटाने की बात रखी गई जिस पर कमिश्नर महोदय ने एसीपी कलेक्टरगंज को उक्त प्रकरण पर कड़ा से संपर्क करने की बात कही । आज की बैठक में प्रमुख रूप से कृपा शंकर त्रिवेदी, चंद्र प्रकाश उमर, संजय त्रिवेदी, मनोज गुप्ता, सुभाष खन्ना, सुशील गुप्ता, विराट गुप्ता आदि उपस्थित थे!

## पुलिस ने जुआ खेलते हुए लोगों को दबोचा भेजा जेल

कानपुर। प्रभारी निरीक्षक महोदय के कुशल निर्देशन व नेतृत्व में अनि0 उ0नि0 राहुल शुज़्ला मय हमराह फोर्स उ0नि0 उमाकान्त व हे0का0 ललित किशोर व का0 तेजवीर द्वारा चौकी क्षेत्र पाण्डुनगर मे दौराने गस्त भ्रमणशील के मुखबिर खास द्वारा मिली सूचना पर स्थान पंकज कोचिंग वाली गली रानीगंज में मन्दिर के पीछे खाली प्लाट में कुछ लोग हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे ! पुलिस ने कर कार्रवाई की गई!



## कमिश्नर द्वारा कर्मचारियों को दी गयी सुविधाओं का किया गया निरीक्षण



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर नगर। कानपुर कमिश्नर आरके स्वर्णकर द्वारा पुलिस लाइन में मान प्रमाण परेड का आयोजन किया गया, जिसका उददेश्य यूपी पुलिस के कर्मचारियों और उनकी सुविधाओं को किसी प्रकार की कोई कमी न हो, था। इस दौरान उन सभी सुविधाओं का भी कमिशन द्वारा निरीक्षण किया गया जो पुसिल कर्मचारियों को लिए मुहैया की गयी।

शुक्रवार की सुबह पुलिस आयुक्त ने पुलिस लाइन पहुंचकर मान प्रमाण परेड में शिरकत करते हुए मान प्रणाम ग्रहण किया तथा वहा विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया।

उन्होने गार्ड रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा और उससे सम्बन्धित आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करते हुए डायल 112, मैस तथा पुलिस बैरिक का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त मुख्यालय तथा पुलिसउपायुक्त दक्षिण के साथ ही अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लगातार शहर के अस्पतालों में बढते जा रहे डेंगू, चिकन गुनिया और वायरल फीवर के मरीज

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर नगर, सर्दी बढने के साथ ही शहर में डेंगू और चिकन गुनिया के मरीजों में भी लगतार बढोत्तरी होती जा रही है। नवम्बर मे प्रतिदिन सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों में डेंगू, चिकनगुनिया, वायरल बुखार के साथ ही खांसी, जुखाम के मरीजों की संख्या में खासी बढी है। इसके साथ ही अब लोगों में सरदर्द की शिकायत भी सामने आ रही है। डाक्टरों द्वारा इलाज के साथ ही तीमारदारों से एहतियात बरते को कहा जा रहा है।

बतादें की शहर के अस्पतालों में नवम्बर माह में काफी मरीज डेंगू, चिकनगुनिया तथा वायरल फीवर से ग्रसित पहुंचे और अब यह संख्या लागातार बढती जा रही है। सरकारी अस्पता में प्रतिदिन लगभग एस दर्जन से अधिक मरीज पहुंच रहे है। सर्दी बढने के साथ ही मरीजों की संख्या भी बढ रही है। वहीं अब मरीजों को सरदर्द भी परेशान कर रहा है। मरीजों का कहना है कि बुखाने आने के साथ ही सर दर्द तथा बदन दर्द की शिकायत हो जाती है, जिससे चलने तक में परेशानी होती है। डाक्टरों द्वारा इलाज के साथ साथ मरीजो को एहतियात बरतने की भी सलाह दी जा रही है। डाक्टरों का कहना है कि जो व्यक्ति वायरल से उबर चुके है, उनमें जोडो के दर्द की शिकायत बनी हुई है।

लें संतुलित आहार, बरते सावधानी

होम्योपैथिक डॉक्टर हेमंत मोहन ने कहा कि मौसम परिवर्तन के साथ वायरल आम बात है लेकिन मरीजों का बढना चिंताजनक विषय है। इसके साथ ही डेंगू, चिकनगुनिया के मरीजो के आने से यह पक्का हो जाता है कि बीमारी का वायरस भी सक्रीय है। उन्होने कहा अब आने वाले समय में सर्दी बढेगी, ऐसे में लोगों को विशेष सावधान रहने की आवश्यकता है। घर से निकलते समय मजबूत कपडे पहने, दिनचर्या में बदलाव करें साथ ही संतुलित आहार पर ध्यान दे। सीजन में आने वाले फल अमरूद, गारज, केला, जूस का दिन में प्रतिदिन सेवन करे साथ ही हरी सब्जियों को अपने आहार में शामिल करे, जिससे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता का विकास हो सके, साथ ही वायरल की शिकायत होने पर प्रतीक्षा न करें, स्वयं में डाक्टर न बने और तत्काल चिकित्सक की सलाह लें।

## बाल भवन में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया



कानपुर नगर, जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में फूल बाग स्थित बाल भवन में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनते हुए मौके से 04 प्रकरणों में आज ही समाधान दिवस के पश्चात टीमों को जांच कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु स्थलीय निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए संपूर्ण समाधान दिवस में समय से उपस्थित न होने के कारण मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम को कारण बताओं नोटिश निर्गत किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस निर्गत करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए।संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु 04 प्रकरणों की आज ही जांच कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए एवं समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को समाधान दिवस के पश्चात मौके पर भेजा गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, सचिव, कानपुर विकास प्राधिकरण शत्रोहन वैश्य, उप जिलाधिकारी, सदर, तहसीलदार सदर सहित अन्य समस्त संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6–ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट–समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।